हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 29 जून 2024

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26.1 डिग्री



तिफरा जाने वाली सड़क जर्जर हो गई है। जगह जगह गड्ढों में पानी भर जाने की वजह से यहां से गुजरना मुश्किल हो गया है।

## खबर संक्षेप

### कालेजों में पीजी सेमेस्टर परीक्षा शुरू

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित पीजी सम सेमेस्टर परीक्षा शुरू हो गई है और शुक्रवार को सेमेस्टर परीक्षा तहत पहला पेपर हुआ। इस परीक्षा में लगभग 14 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे और यूनिवर्सिटी द्वारा 43 कालेजों को परीक्षा सेंटर बनाया गया है। अटल यूनिवर्सिटी आयोजित पीजी सेमेस्टर परीक्षा आज से शुरू हो गई है। पीजी सेमेस्टर परीक्षा में 14 हजार परीक्षार्थियों की संख्या को देखते हुए यूनिवर्सिटी की ओर से 43 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। पीजी सेमेस्टर परीक्षा 2 अगस्त तक चलेगी इसलिए यूनिवर्सिटी की ओर केवल एक पाली सुबह 11 बजे 3 बजे परीक्षा कराई जा रही है। यूनिवर्सिटी की ओर से सभी परीक्षा केन्द्रों को यह निर्देश दिए गए हैं कि को लेकर सावधानी बरती जाए और परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या न होने पाए। वहीं शुक्रवार को एयू में स्नातकोत्तर के परीक्षा परिणाम जारी किए गए।

### कोचिंग में चयन के लिए परीक्षा अब 14 जुलाई को

**बिलासपुर।** सीजी पीएससी की तैयारी के लिए उम्मीदवारों की चयन परीक्षा अब 14 जुलाई को होगी। इसके पहले ये परीक्षा 30 जून को निर्धारित थी। बिलासपुर सहित सभी संभागीय मुख्यालयों में केंद्र बनाया गया था। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि इस दिन बीएड और डीएड की परीक्षा होने के कारण तिथि आगे बढ़ाई गई है। परीक्षा केंद्र और समय पूर्ववत रहेंगे।

### रिफर करने के बाद मरीजों की जान रहती है अधर में

# लाखों की आबादी वाले शहर में नहीं है लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

5 लाख की आबादी के जिले में पिछले कई सालों से लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस नहीं है। मरीजों को बिना वेंटीलेटर के साथ रिफर कर दिया जाता है, जिससे कई बार मरीजों को जान तक गंवानी पड़ती है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के दावे के अनुसार वेंटीलेटर का प्रस्ताव अभी पाइप लाइन में है।

राज्य में स्वास्थ्य महकमें में कई योजनाएं संचालित हैं, जिसका फायदा भी आम और खास दोनों को हो रहा है, लेकिन सिम्स और जिले के सभी अस्पताल से रायपुर जैसे बड़े शहरों में मरीजों को भेजना जोखिम भरा है। दरअसल स्वास्थ्य विभाग के पास वेंटीलेटर के साथ एक भी एम्बुलेंस मौजूद नहीं है। बताया जा रहा है कि हालत यह है कि स्वास्थ्य विभाग के पास बीएलएस और एएलएस जैसे एम्बुलेंस तक नहीं है, यानी बेसिक लाइफ सपोर्ट और आटोमेटिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैंस एम्बुलेंस नहीं होने का खामियाजा सीधे तौर पर मरीजों को भुगतना पड़ता है। खास बात यह है कि बिना एडवांस लाइफ सपोर्ट और वेंटीलेटर के मरीजों को जिले से बाहर ले जाने कई बार जान का जोखिम दे चुका है। हर साल इसी वजह से मरीजों की मौत भी होती है, लेकिन बावजूद इसके अबतक एम्बुलेंस की खरीदी नहीं हो सकी है।

■ हर साल सैकड़ों लोगों की हो जाती है मौत

वहीं प्राइवेट कंपनी द्वारा एम्बुलेंस की सुविधा लेने पर 10 हजार तक का भुगतान करना पड़ता है, जिससे गरीब तपके के लोगों को वहन भी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में सालों से प्रस्तावित एम्बुलेंस की खरीदी को लेकर बनाए गए प्रस्ताव में प्रशासन और महकमे की उदासीनता मरीजों पर भारी पड़ रही है।

### एयरपोर्ट के लिए बना प्रस्ताव

जानकारों के अनुसार कुछ साल पहले ही बिलासा एयरपोर्ट के लिए एएलएस एम्बुलेंस का प्रस्ताव स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाया गया है। इसके लिए डीएमएफ फंड से राशि भी स्वीकृत की गई है, लेकिन यह प्रस्ताव भी अधर में है। एम्बुलेंस की खरीदी नहीं की गई है। वर्तमान में एयरपोर्ट पर कोई भी एम्बुलेंस खड़ी नहीं रहती है। वहीं वीवीआईपी के आने पर प्राइवेट कंपनी और रायपुर से एम्बुलेंस मंगाई जाती है। जिससे शासन के रूपयों की बर्बादी होती है। वहीं एम्बुलेंस की यात्री और प्रबंधन के के लिए जोखिम भरा है।

### 108 के भरोसे स्वास्थ्य विभाग

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी एम्बुलेंस की कमी की जानकारी है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग 108 वाहनों के भरोसे ही चल रहा है, लेकिन जिले में दौड़ रही 108 वाहनों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। जिले में वाहन 108 के 15 एम्बुलेंस और डायल 102 के 18 वाहन संचालित है। इन एम्बुलेंस में एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम नहीं है। खास बात यह है कि डायल 102 में बेसिक लाइफ सपोर्ट भी मुहय्या नहीं हो रही है। वहीं इन वाहनों के सहारे मरीजों को एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना, हायर सेंटर के लिए जिले से बाहर ले जाना काफी रिस्की साबित होता है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

एम्बुलेंस का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। शासन की ओर से स्वीकृति मिलते ही खरीदी की जा सकेगी। प्रयास जारी है, आला अधिकारियों से चर्चा की जाएगी।

**- डॉ प्रभात श्रीवास्तव**, सीएमएचओ

#### मरीजों की बढ़ी परेशानी



## सिम्स ने बंद किया इमरजेंसी गेट

सिम्स के इंट्रेस में तब्दीली की गई है, पहले की अपेक्षा मरीजों को घूमकर जाना पड़ रहा है, लेकिन हाल में प्रबंधन ने सिम्स के कैजुवल्टी वार्ड के नजदीक बने इमरजेंसी गेट को बंद कर दिया है। दरअसल व्हील चेयर और स्ट्रेचर के सहारे इसी गेट के जरिए मरीज सिम्स के वार्ड और ओपीडी पहुंचते थे, लेकिन प्रबंधन ने इसे बंद करा दिया है, जिसके बाद मरीजों को घूमकर जाना पड़ रहा है।



शुक्रवार को मितानिनें एक गर्भवती महिला को सिम्स लाईं, इस दौरान महिला चलने में असमर्थ थी, लेकिन गार्ड ने उन्हें इमरजेंसी गेट से जाने से मना कर दिया, जिसके बाद मरीज को आर्थोपेडिक वार्ड से गुजरने हुए सिम्स के गायनिक वार्ड जाना पड़ा। ऐसा सभी मरीजों के साथ हो रहा है, जहां ओपीडी के लिए सिम्स के करोना चौक की तरफ से ही इंट्रेंस चालू किया गया है, वहीं ट्राइएज और इमरजेंसी के लिए भी कैजुवल्टी वार्ड से इंट्रेंस किया जा सकता है, लेकिन प्रबंधन मरीजों की सुविधा को दरकिनार कर दिया है।

# दोपहर में उमस, शाम को बूंदाबादी से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शुक्रवार को सुबह से ही बादल साफ रही दोपहर में उसम भरी गर्मी से लोग हलाकान होते रहे, लेकिन शाम को बूंदाबादी हुई, इससे कुछ राहत मिली। दिन का अधिकतम तापमान 32 डिग्री दर्ज हुआ। वहीं न्यूनतम तापमान 26.1 डिग्री रिकार्ड हुआ। 24 घंटे के भीतर 12.6 मिमी बारिश भी दर्ज हुई। हालांकि जून माह में अभी भी 30 प्रतिशत से कम ही पानी गिरा है।

**पारा 32 डिग्री पर**

मौसम विशेषज्ञ डॉ.एचपी चंद्रा ने बताया कि एक द्रोणिका उत्तर पूर्व राजस्थान से निम्न दाब के केंद्र तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक विंड शियर जोन 20 डिग्री उत्तर से 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में 29 जून को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छीटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर अंधड़ के साथ वज्रपात की भी संभावना है। अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है। भारी वर्षा का क्षेत्र मध्य छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

### पद्म पुरस्कारों के लिए 15 सितम्बर तक नामांकन

बिलासपुर। भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रों में प्रदान किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए जिले के पात्र एवं योग्य व्यक्तियों से नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। वर्ष 2025 में पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री पुरस्कार के लिए नामांकन प्रस्ताव 15 सितम्बर तक ऑनलाइन आमंत्रित किए गए हैं। पुरस्कारों से संबंधित विधान और नियमों की विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://padmaawards.gov.in पर उपलब्ध है। नामांकन के लिए प्रस्तावित व्यक्ति को अपने क्षेत्र या विषय में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों का स्पष्ट रुप से उल्लेख करना होगा।









## भैंसाझार से पांच दिन पहले छोड़ा पानी, अभी शहर पहुंचा



## अरपा में आया पानी

**बिलासपुर।** सोमवार को भैंसाझार डैम से अरपा में पानी छोड़ा गया। डैम के अधिकारियों ने बताया कि लछनपुर के पास पानी रुकता है, इसलिए पांच दिन बाद शुक्रवार को पुराने पुल के उस पार से रिवर व्यू रोड के बीच नदी में पानी दिखने लगा। हालांकि जिले के ऊपरी इलाकों में लगातार हो रही झमाझम बारिश का असर भी अरपा में हुआ है। बीते दो दिनों से कोटा, बेलगहना, पेण्ड्रा और गौरेला में जमकर बारिश हुई। इससे नाले नालियों और अन्य माध्यम से भी अरपा में पानी आया है।

## खबर संक्षेप

### सीवी रमन यूनिवर्सिटी ने विकास को दी पीएचडी



**बिलासपुर।** डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग द्वारा विकास कुमार तिवारी को एचडी (डॉक्टर का फिलासफी) की उपाधि प्रदान की गई। श्री तिवारी ने अपना शोध कार्य इन्फ्लुएंस ऑफ़ ऑर्गेनाइजेशन कल्चर,वर्क मोटिवेशन, जॉब सेटिस्फेक्शन, लीडरशिप ऑन एम्पलाई रिटेंशन: ए स्टडी ऑफ़ प्राइवेट सेक्टर लाइफ इंश्योरेंस कंपनी इन छत्तीसगढ़ विषय पर पूर्ण किया। ये शोध कार्य विकास कुमार ने प्रबंधन विभाग के प्राध्यापक डॉ अभिषेक पाठक के निर्देशन में पूर्ण किया। पीएचडी अवार्ड की अधिसूचना विवि के कुलसचिव गौरव शुक्ला ने जारी की।

### राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड स्पर्धा के लिए केशव का चयन



**बिलासपुर।** मिडिल स्कूल जूना बिलासपुर के कक्षा आठवीं के छात्र केशव श्रीवास को राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चयनित किया गया है। केशव श्रीवास 1 और 2 जुलाई को राजनांदगांव में आयोजित राज्य स्तरीय 'इंस्पायर अवार्ड' मानक स्पर्धा में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। गत माह इंस्पायर अवार्ड मानक की जिला स्तरीय प्रतियोगिता हुई थी। प्रतियोगिता के बाद छात्र को इंस्पायर अवार्ड मानक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला है। छात्र केशव के मॉडल को राज्य स्तर के लिए चयनित किया गया है। केशव ने सिंचाई की आधुनिक तकनीक से सबंधित मॉडल तैयार किया है। छात्र ने प्राध्यापक सीमा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में अपना मॉडल तैयार किया है।

### एफएलएन प्रशिक्षण के चौथे चरण का समापन



**बिलासपुर।** एफएलएन प्रशिक्षण के चौथे चरण का समापन 28 जून को सकरी आत्मानंद विद्यालय में हो गया। एफएलएन प्रशिक्षण प्रभारी ने बताया कि यह प्रशिक्षण प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया था। इसमें अजय तिवारी, मनोरमा बर्मन, संतोषी यादव ने बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर गतिविधियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण को तखतपुर के तीन जोन सकरी, तखतपुर, गनियारी जोन में विभाजित किया गया था। इसे सफल बनाने में ब्लाक शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत जायसवाल, ब्लाक समन्वयक सीमा त्रिपाठी, सीएसी सकरी सतीश जायसवाल, जीपी उपाध्याय, अमरदीप शर्मा, विजय मरकाम आदि का विशेष सहयोग रहा।

### एयरपोर्ट में बम स्कॉड की मॉकड्रिल आपात स्थिति से निपटने अभ्यास

**बिलासपुर।** बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में शुक्रवार को बम स्कॉड का मॉकड्रिल किया गया। मॉकड्रिल डायरेक्टर ऑफ सिविल एविएशन के गाइडलाइंस के अंतर्गत किया गया है। सूत्रों के अनुसार समिति के चेयरमैन कलेक्टर व एसपी होते है। इस दौरान एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी, डायरेक्टर, सीएसओ, कासो, आईबी, एयरलाइंस स्टेशन मैनेजर एवं टीआई मौजूद रहे। ड्रील में एयरपोर्ट पर वास्तविक रूप से बम की घटना की स्थिति से निपटने का अभ्यास किया जाता है। एयरपोर्ट में बम की सूचना मिलते ही बीडीडीएस टीम को तत्काल एक्टिव किया जाता है। बीडीडीएस टीम ने एयरपोर्ट पर बम का पता लगा कर उसे असफल किया, मॉकड्रिल की रिपोर्ट को सिविल एविएशन को भेजी जाएगी।

### राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष से रावत को केंद्रीय सूची में लाने मांग



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग भारत सरकार के अध्यक्ष गंगाराम अहीर शुक्रवार 28 जून को बिलासपुर पहुंचे। एसईसीएल के गेस्ट हाउस में छग पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा. सोमनाथ यादव ने गंगाराम अहीर से यादव जाति के अंतर्गत उपजाति रावत को छत्तीसगढ़ के पिछड़ा वर्ग की सूची क्रमांक 1 पर यादव जाति के साथ उपवर्ग के रूप में अंकित है, उसे केंद्र की सूची में यादव के साथ रावत को जोड़ने का निवेदन किया। सोमनाथ यादव ने बताया कि उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में छग पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग दिल्ली रावत को यादव जाति के कालम में जोड़ने के लिए पत्र व्यवहार किया गया था, किंतु आज तक केंद्र की सूची में रावत नहीं जुड़ा है। श्री अहीर ने सोमनाथ की मांग पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिए। इस अवसर पर डा मंतराम यादव, शिव कुमार यादव भी मौजूद थे।

---

केंद्रीय मंत्री साहू ने रेल मंत्री वैष्णव से मिलकर इन स्टेशनों स्टॉपेज शुरू करने की मांग की

# चार साल से करगीरोड, बेलगहना टेंगनमाड़ा में नहीं रूक रहीं ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

- नगर समिति ने भूख हड़ताल और आंदोलन भी किया

केंद्रीय शहरी विकास एवं राज्य मंत्री तोखन साहू ने शुक्रवार को रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने बिलासपुर रेलवे जोन के विकास और विस्तार के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान श्री साहू ने बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत करगीरोड, बेलगहना, टेंगनमाड़ा रेलवे स्टेशन पर कोविड काल के समय से बंद गाड़ियों के स्टापेज को पुनः चालू कराने के संबंध में चर्चा की।

उन्होंने श्री वैष्णव को बताया कि कोरोना संक्रमण काल के दौरान चार साल पहले 22 मार्च 2020 से बिलासपुर रेलवे जोन कटनी रेलमार्ग अंतर्गत करगीरोड, बेलगहना और टेंगनमाड़ा सहित कई स्टेशनों में एक्सप्रेस सहित पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव पूरी तरह बंद कर दिया गया। कोरोना संक्रमण खत्म होने के बाद भी इन स्टेशनों में ट्रेनों का ठहराव शुरू नहीं हुआ। इन स्टेशनों में पुनः ठहराव शुरू करने नगर संघर्ष समिति सहित अन्य लोग रेलवे जीएम, डीआरएम बिलासपुर से पत्र व्यवहार कर अनुरोध कर चुके हैं।

वहीं इसके लिए सांकेतिक धरना-प्रदर्शन, भूख हड़ताल सहित रेल रोको आंदोलन तक किया जा चुका है। इसके बाद भी इन स्टेशनों में स्टापेज शुरू नहीं हो सका। श्री साहू ने बताया कि करगीरोड, बेलगहना, टेंगनमाड़ा स्टेशन पर कोविड के समय से बहुत सी गाड़ियों का स्टापेज बंद कर दिया गया है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण इन क्षेत्रों में आने-जाने का मुख्य साधन ट्रेन है। इन स्टेशनों पर स्टापेज बंद होने के कारण क्षेत्रीय कृषकों, व्यापारियों, छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों, अधिकारियों एवं आम जनता को काफी असुविधा हो रही है। श्री साहू ने कहा कि जनहित में उक्त गाड़ियों का स्टापेज करगीरोड, बेलगहना एवं टेंगनमाड़ा स्टेशनों पर नितान्त आवश्यक है। उन्होंने रेल मंत्री श्री वैष्णव से क्षेत्र की जनता की न्यायोचित मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए करगीरोड, बेलगहना एवं टेंगनमाड़ा स्टेशनों पर उक्त गाड़ियों के पुनः स्टापेज को बहाल करने का अनुरोध किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित करने का आग्रह किया। श्री साहू ने बताया कि भोपाल-अमरकंटक सुपरफास्ट, पुरी-हरिद्वार उत्कल कलिंग एक्सप्रेस, बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस, दुर्ग-भोपाल-अमरकंटक सुपरफास्ट, सारनाथ एक्सप्रेस, बिलासपुर-इंदौर एक्सप्रेस, बिलासपुर-चिरमिरी इत्यादि ट्रेनें आवश्यक हैं। श्री साहू ने बताया कि इन ट्रेनों के नियमित ठहराव से इस क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। रेलमंत्री ने बंद ट्रेनों के उक्त स्टेशनों पर स्टापेज को पुनः बहाल करने का आश्वासन दिया।



रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को ज्ञापन सौंपते केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू।

## डीपी कालेज ने स्वयं को घोषित किया आटोनामस, हो रहा विरोध



**बिलासपुर।** डीपी विप्र कालेज द्वारा स्वयं को आटोनामस कालेज घोषित कर दिया गया है। इसके विरोध में एनएसयूआई के पदाधिकारी शुक्रवार को अटल यूनिवर्सिटी पहुंचे थे। एनएसयूआई पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने कुलपति अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी से मिलकर डीपी कालेज के खिलाफ जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।

डीपी विप्र कालेज द्वारा कालेज को आटोनामस कालेज के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। कालेज को अटल यूनिवर्सिटी ने आटोनामस के लिए एनओसी नहीं दी है, इसलिए एनएसयूआई द्वारा डीपी कालेज का विरोध किया जा रहा है। इसी सिलसिले में आज एनएसयूआई के कुछ पदाधिकारी, कार्यकर्ता अटल यूनिवर्सिटी पहुंचे थे और कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी से मिलकर इस मुद्दे पर चर्चा की। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने बताया कि लगातार छात्रों की शिकायतें आ रही हैं कि वे इस भ्रम में हैं कि डीपी विप्र कालेज आटोनामस है अथवा नहीं। इस संबंध में अटल यूनिवर्सिटी से चर्चा के बाद पता चला कि यूनिवर्सिटी द्वारा अभी तक डीपी कालेज को आटोनामस का एनओसी नहीं दिया गया है, उसके बावजूद भी डीपी कालेज अपने आपको आटोनामस घोषित कर भ्रामक विज्ञापन जारी करवाया जा रहा है। यूनिवर्सिटी, डीपी कालेज को एनओसी नहीं दे रही है क्योंकि आटोनामस बनने के बाद उस कालेज में यूनिवर्सिटी का हस्तक्षेप लगभग समाप्त हो जाता है और प्राइवेट कालेज के आटोनामस होने के बाद सभी कार्य उसके चेयरमैन के इशारे पर होता है। इसके कारण यूनिवर्सिटी द्वारा एनओसी नहीं दिया जा रहा है।।

### एनएसयूआई की मांग

एनएसयूआई ने यूनिवर्सिटी से कुछ मांग रखी है जिसके तहत इस संवैधानिक अनियमितता से यूजीसी को अवगत कराया जाए। कालेज पर छात्र-छात्राओं को दिग्भ्रमित करने के लिए यूनिवर्सिटी अधिनियम 1973 के अंतर्गत कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। कालेज कोड 28 के भाग दो की कंडिका के अनुसार कालेज पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह मांग की गई है कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक कालेज में प्रशासक नियुक्त किया जाए।

## हरित मिशन शिक्षकों व छात्रों की जिम्मेदारी पौधे लगाएं और बड़ा होने तक करें देखभाल

बिलासपुर। गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय परिसर को हरित कैंपस बनाने पौधरोपण मिशन 2024 का शुभारम्भ कुलपति प्रो. अलोक कुमार चक्रवाल ने पौधा लगाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि विश्व वानिकी कांग्रेस की सिफारिश पर वर्ष 1971 से प्रत्येक वर्ष 28 जून को विश्व वृक्ष दिवस मनाया जाता है।

इस उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के सभी सदस्यों ने परिसर के भौतिक विज्ञान विभाग के नजदीक नीम के पौधे लगाए। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने सभी से आह्वान किया कि पौधरोपण कार्यक्रम में सभी विभाग आगे आकर वृहद स्तर पर नीम, पीपल, आम, इमली, महुआ, बहेड़ा, आंवला इत्यादि देशी प्रजातियों के पौधों का रोपण करें। साथ ही पौधों की देखरेख के लिए शिक्षकों एवं छात्रों को सम्पूर्ण जिम्मेदारी लेकर हरित परिसर मिशन में सहयोग करें ताकि विश्वविद्यालय को एक आदर्श केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके। प्रो. चक्रवाल ने कहा कि पौधे का दान महादान है। ऐसे में उन्होंने सभी शिक्षकों एवं छात्रों से आव्हान किया कि अपनी मनपसंद प्रजाति के पौधे दान एवं रोपण कर जलवायु संरक्षण की दिशा में अपना योगदान दें। प्रो. चक्रवाल के निर्देश पर पूरे परिसर को हरा भरा बनाने एवं बायोडायवर्सिटी को विकसित करने के उद्देश्य से लगातार पौधारोपण किया जा रहा है। ज्ञात हो कि भारत सरकार के द्वारा इस वर्ष "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत विश्वविद्यालय के छात्र, कर्मचारी, शिक्षक अपने माँ के नाम पर एक पेड़ लगाकर उसकी सम्पूर्ण देखभाल कर सकेंगे। कुलसचिव प्रो. अभय रनदिवे ने बताया कि विश्वविद्यालय विभिन्न संस्थाओं, वन विभाग, बैंक के माध्यम से पौधरोपण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों के द्वारा पौधारोपण कार्य आयोजित करेगा। कार्यक्रम के प्रो. केके चंद्रा ने कहा कि सभी शिक्षण विभागों के लिए निशुल्क पौधों की व्यवस्था कर वितरित किया जा रहा है ताकि छात्र-छात्राएं पर्यावरण बचाने में पहल करें। कार्यक्रम में विवि की विद्यापीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### डाक घर से निःशुल्क कराएं आधार अपडेशन-एनरोलमेंट

**बिलासपुर।** आधार एनरोलमेंट एवं अद्यतनीकरण सेवा डाकघरों में दी जा रही है। आधार अपडेशन से संबंधित सेवाएं डाक विभाग एवं यूआईडीएआई के सहयोग से अब डाकघरों के माध्यम से आधार पंजीयन, अद्यतनीकरण कार्य संभाग के चुनिंदा डाकघरों में किया जा रहा है। जिसमे जिला मुख्यालयों में स्थित प्रधान डाकघर, मुख्य डाकघरों सहित बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर, चाम्पा पेंड्रा, पेंड्रा रोड, करगी रोड, मुंगेली, लोरमी, कोनी, बिलासपुर रेलवे स्टेशन, बिल्हा, सक्ती, चंद्रपुर, जमनीपाली, बाल्को नगर, बांकी मोंगरा, मालखरोदा, कोरबा कॉलरी में यह सुविधा उपलब्ध है। यहां आम नागरिक अपना नया आधार कार्ड बनवा सकते हैं और पुराने आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का सुधार-अपडेशन जैसे पता, मोबाइल, जन्म तिथि, नाम, बायोमेट्रिक अपडेट, ईमेल अपडेट इस्त्यादी का कार्य करवा सकते हैं। चूंकि बच्चों का 5 व 15 वर्ष की आयु पर बायोमेट्रिक अपडेशन अति आवश्यक है। अतः अपने बच्चों का भी निःशुक्ल बायोमेट्रिक अपडेशन करा सकते हैं। अधीक्षक डाकघर ने समस्त नागरिकों से इसका लाभ उठाते हुए स्वयं का और अपने बच्चों का आधार अपडेशन-एनरोलमेंट का कार्य डाकघरों से कराने का आग्रह किया है।

## एसबीआई ने दी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी




**बिलासपुर।** भारतीय स्टेट बैंक के अफसरों ने जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बैंक द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की अपील की।

एसबीआई के योगेश तिवारी ने बताया कि 28 जून को जिला पंचायत सभा कक्ष में भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों द्वारा बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से सभी को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि एसबीआई द्वारा शासन की मंशा के अनुरूप लोगों के कल्याण के लिए समय समय पर कई योजनाएं चलाकर लोगों को लाभान्वित किया जाता है। इसमें एजीएम आशीष ताम्रकार, मुख्य प्रबंधक बृजेश गुप्ता, कलेक्टोरेट शाखा के मुख्य प्रबंधक अमित पोरवाल, योगेश तिवारी, कोशले एवं विशाल ने होम लोन, कारपोरेट सैलरी, सुकन्या समृद्धि योजना, म्यूच्युवल फंड, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस अवरनेस की जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान के नेतृत्व में किया गया था।

उन्होंने एसबीआई द्वारा दी गई चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की तारीफ करते इसे उपयोगी बताया।

खड़गपुर रेल मंडल में नॉन-इंटरलाकिंग

# 4 से 8 जुलाई तक रद्द ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर चलेंगी

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर रेल मंडल में नॉन-इंटरलाकिंग कार्य के फलस्वरूप 4 जुलाई से 8 जुलाई तक रद्द की गई ट्रेनों को अपने निर्धारित समय पर चलाने का निर्णय लिया गया है। वहीं नॉन-इंटरलाकिंग कार्य के दौरान कुछ ट्रेनों को अपने निर्धारित समय-सारणी के अनुसार विलंब से रवाना की जाएगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मंडल प्रबंधक ने बताया कि दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर रेल मंडल के अंतर्गत सांकराईल-सांतरागाछी लिंक लाइन को आन्दुल स्टेशन से जोड़ने का कार्य ब्लॉक लेकर किया जाएगा। यह कार्य 29 जून से 8 जुलाई तक किया जाएगा। इसके पूर्व दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने व गुजरने वाली कुछ यात्री गाड़ियों को रद्द किया गया था, जिन्हें यथावत किया गया है। अब ये ट्रेनें अपने समयानुसार चलेंगी।

### पूर्व में रद्द ट्रेनें जिन्हें यथावत किया गया

4 से 6 जुलाई तक एलटीटी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस

6 से 8 जुलाई तक शालीमार से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस

4 से 6 जुलाई तक पुणे से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिन्द एक्सप्रेस।

6 से 8 जुलाई तक हावड़ा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिन्द एक्सप्रेस ।

4 जुलाई को पोरबंदर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12905 शालीमार एक्स।

6 जुलाई को शालीमार से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस ।

6 जुलाई को उदयपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस ।

7 जुलाई को शालीमार से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस ।

5 जुलाई को पोरबंदर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12949 पोरबंदर-सांतरागाछी एक्सप्रेस।

7 जुलाई को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12950 सांतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस ।

6 जुलाई को कामाख्या से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22512 कामाख्या-एलटीटी एक्सप्रेस ।

9 जुलाई को एलटीटी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस।

6 जुलाई तक एलटीटी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12101 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस।

8 जुलाई तक गाड़ी संख्या 12101 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस ।

### देर से छूटने वाली ट्रेनें

गाडी संख्या 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिन्द एक्सप्रेस पुणे स्टेशन से 30 जून को 30 मिनट विलंब से तथा 1 जुलाई को 90 मिनट विलंब से एवं 4 जुलाई को 3 घंटे विलंब से रवाना होगी।

30 जून को ओखा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22905 ओखा-शालीमार एक्सप्रेस 1 घंटे विलंब से रवाना होगी ।

1 जुलाई तक एलटीटी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12101 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस 1 घंटे 30 मिनट विलंब से रवाना होगी।

1 जुलाई को हावड़ा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12262 हावड़ा-मुंबई दुरन्तो एक्सप्रेस 1 घंटे 15 मिनट विलंब से रवाना होगी।

4 जुलाई को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12809 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल -हावड़ा मेल 3 घंटे विलंब से रवाना होगी ।

4 जुलाई तक एलटीटी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12151 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस 1 घंटे 45 मिनट विलंब से रवाना होगी।

**द्रोणा शिक्षण समिति द्वारा संचालित**
College of I.T. & Applied Social Sciences, Pendari, Bilaspur (C.G.)
Infront of Kanan "Zoo" Pendari, Sakri, Bilaspur (C.G.)
City Office: Chandni Chowk Kududand, Bilaspur (C.G.)

**Requirement**

Applications in plain paper are invited from eligible candidates for the following posts. (Under college code - section 28)

| | Post | No. of Posts | Category |
|---|---|---|---|
| 1 | Principal | 01 | Gen |
| 2 | Asstt. Professor | | |
| | (i) English | 01 | Gen |
| | (ii) Hindi | 01 | Gen |
| | (iii) Botany | 01 | Gen |
| | (iv) Zoology | 01 | OBC |
| | (v) Chemistry | 01 | OBC |
| | (vi) Physics | 01 | Gen |
| | (vii) Micro Biology | 01 | SC |
| | (viii) Commerce | 02 | 1-Gen, 01-ST |
| | (ix) Mathematics | 01 | OBC |
| | (x) Computer Science | 03 | 1-Gen, 1-OBC, 1-SC |
| | (xi) Management | 02 | 1-Gen, 1-ST |
| 3 | Librarian | 01 | Gen |
| 4 | Lab Tech (Computer) | 01 | OBC |
| 5. | Lab Tech (Chemistry) | 01 | SC |
| 6 | Lab Tech (Physics) | 01 | Gen |
| 7 | Lab Tech (Zoology) | 01 | SC |
| 8 | Lab Tech (Micro Biology) | 01 | ST |
| 9 | Lab Tech (Botany) | 01 | ST |
| 10 | Sport Officer | 01 | Gen |
| 11 | Clerks | 03 | 1-Gen, 1-OBC, 1-SC |
| 12. | Peon | 03 | 1-Gen, 1-OBC, 1-ST |

**Qualifications/ Salary :-** As per UGC Norms. **Enclosures :-** One passport size photograph, attested copies of Marks sheets and other testimonials. Applications should be submitted in person or be sent by post to Principal, College of I.T. & Applied Social Sciences, Pendari, Bilaspur (C.G.) **Last date :** 10 Jul. 2024. **Note: Application along with all documents must be submitted in duplicate (2 copies).**

**Principal**
**Phone No.: 07752315046**
**Mob. 9425535622, 9425535514**

28- JUN- BSP- PG-3 ZINDAGI_Layout 1 6/29/2024 12:05 AM Page 1

बिलासपुर, शनिवार 29 जून 2024

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

## जॉब अलर्ट

### इंडियन नेवी में स्पोर्ट्स कोटे के पदों पर भर्ती, अर्जी 20 तक

**बिलासपुर।** भारतीय नौसेना में जॉब पाने का सपना देख रहे युवाओं के लिए इंडियन नेवी की ओर से स्पोर्ट्स कोटा का तहत सेलर पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। अभ्यर्थी ऑफलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 20 जुलाई है। नार्थ ईस्ट, जम्मू कश्मीर, अंडमान एवं निकोबार, लक्षद्वीप एवं मिनिकॉय द्वीप समूह के लिए आवेदन की लास्ट डेट 25 जुलाई तय की गई है। इस भर्ती में आवेदन के लिए आपको सबसे पहले इंडियन नेवी की ऑफिशियल वेबसाइट joinindiannavy.gov.in पर जाकर ऑफलाइन आवेदन पत्र डाउनलोड करना है। अभ्यर्थी ध्यान रखें कि सेम एंट्री के लिए एक ही आवेदन पत्र भेजें। अधिक फॉर्म भेजने पर आपका फॉर्म रिजेक्ट कर दिया जाएगा।



#### योग्यता के आधार पर होंगे शॉर्टलिस्ट

इस भर्ती में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का किसी भी स्ट्रीम से 10+2 उत्तीर्ण होना चाहिए और साथ ही स्पोर्ट्स के लिए निर्धारित योग्यता भी हासिल की हो। इसके साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 17 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। मेल कैंडिडेट्स की न्यूनतम लंबाई 157 सेमी से कम और फीमेल कैंडिडेट्स की न्यूनतम लंबाई 152 सेमी तय की गई है। इस भर्ती में चयनित होने के लिए उम्मीदवारों को स्पोर्ट्स की योग्यता के आधार पर शॉर्टलिस्ट करके सेलेक्शन ट्रायल के लिए आमंत्रित किया जाएगा। ट्रायल के दौरान अभ्यर्थी अपने सभी आवश्यक ओरिजिनल दस्तावेज साथ लेकर जाएं। इसके बाद शरीरिक जांच व मेडिकल टेस्ट के बाद अभ्यर्थियों को रिक्त पदों पर तैनात किया जाएगा।

## आयोजन

### सदगुरु का गुण गाकर, जीवन को बनाएं सफल : सांई लोकेश



**बिलासपुर।** प्रेम प्रकाश आश्रम जबड़ापारा सरकंडा में चल रहे आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊराम महाराज के 40 चालीसा कार्यक्रम के 27 वें दिन प्रेम प्रकाश आश्रम धमतरी से संत सांई लोकेश का विशेष आगमन हुआ। इन्होंने सत्संग रूपी ज्ञान संगतों को सुनाया और कहा कि सतगुरु का गुण गाकर, प्रभु राम का सिमरन कर जीवन को सफल बनाएं।

कार्यक्रम का शुभारंभ सद्गुरु बाबा टेऊराम की फोटो पर फूलों की माला पहना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संत सांई के आगमन पर महिला मंडल ने उनका भव्य स्वागत किया। भक्तों ने फूलों की माला पहनाई। सतगुरु टेऊंराम ने सत्संग की शुरुआत चालीसा पढ़कर की और कहा कि भगवान ने इंसान को तन और मन दोनों दिया है। तन से सारे कार्य कर मन से भक्ति करें। मानव जीवन मिलने का मतलब है कि हम सभी अच्छे कर्म, धर्मार्थ के कार्य, प्रभु की भक्ति करें। गुरु का दिया हुआ व प्रभु का नाम कभी न भूलें, उसका सिमरन करते रहें। दिन हीन की सेवा करें। जीवन ऐसे ही गुजार लिया। प्रभु का नाम नहीं जपा तो मोक्ष कैसे मिलेगा। मंच संचालन अमर रोहरा ने किया। उन्होंने संस्था द्वारा किए गए सेवा कार्य के बारे में जानकारी दी। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण एवं आम भंडारे का आयोजन किया गया।

**इनका रहा सहयोग** : पूरे आयोजन को सफल बनाने में संस्था के चंदी रामचंदानी, प्रभु लाल छुगानी, देवानंद , दीपक, मनोहर, गोपी, मनोज, कमल, सतीष, अमर, विक्की, सोनू पाहुजा, महिला मंडल से रेखा, राशि, शोभा, माही वाधवानी, सोना, विधि, उषा, कविता, विनीता, साक्षी सहित अन्य महिलाओं का सहयोग रहा।

## धर्म क्षेत्र

### सुख-शांति, तरक्की चाहते हैं तो शुक्र ग्रह को रखिए खुश

**बिलासपुर।** ज्योतिष शास्त्र में बृहस्पति की तरह शुक्र भी भाग्यशाली ग्रहों में से एक है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जिन राशियों में शुक्र शामिल होता है उनकी स्थिति अच्छी बनी रहती है। शुक्र को कला, प्रेम, सौंदर्य, विवाह, वाहन और अन्य भौतिक सुखों का कारक माना जाता है। 12 जून की शाम को शुक्र मिथुन राशि में प्रवेश कर चुके हैं और अब 7 जुलाई तक वहीं रहेंगे।

#### शुक्र के प्रभाव से मिलेगी सुख समृद्धि

शुक्र का प्रवेश सभी राशियों के लिए बेहद शुभ माना जा रहा है। शुक्र 7 जुलाई को शाम 4:31 बजे तक मिथुन राशि में रहेंगे और इसके बाद कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। शुक्र ग्रह का राशि परिवर्तन का प्रभाव सभी राशियों पर पड़ेगा। कुंडली में शुक्र की शुभ स्थिति के कारण व्यक्ति को सभी सांसारिक सुख प्राप्त होते हैं।



#### शुक्र ग्रह को प्रसन्न करने के लिए करें ये उपाय

शुक्र को प्रसन्न करने के लिए धन की देवी लक्ष्मी माता की पूजा करें। गरीबों को सफेद वस्त्र दान करें। गाय, कौए और कुत्ते को कुछ भोजन दें। शुक्रवार का व्रत करें और इस दिन खट्टा भोजन न करें।चमकीले सफेद और गुलाबी रंग का प्रयोग करें। शुक्रवार के दिन दही, खीर, ज्वार, इत्र, रंग-बिरंगे कपड़े, चांदी और चावल का दान करें। शुक्रवार के दिन दक्षिणावर्ती शंख में जल भरकर भगवान विष्णु का अभिषेक करें, इससे मां लक्ष्मी जल्दी प्रसन्न हो जाती हैं। इस दिन धन पाने के लिए व्यवसाय के स्थान पर लक्ष्मी जी, गणेश जी और विष्णु जी की स्थापना करें। प्रातः काम शुरू करने के पहले माता को एक गुलाब का फूल अर्पित करें।

श्री सांईनाथ व नृत्य धारा फाउंडेशन एवं एनई रेलवे इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में बुधवारी बाजार स्थित एनई इंस्टीट्यूट ऑडिटोरियम में शुक्रवार से दो दिवसीय संगीत, नृत्य महोत्सव का आयोजन किया गया। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत व नृत्य की समृद्ध परंपरा को समर्पित इस आयोजन के पहले दिन वाद्य यंत्रों की धुन के बीच कथक व कुचीपुड़ी की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। बांसुरी वादन भी किया गया।

# कलाकारों ने दी कुचीपुड़ी कथक की आकर्षक प्रस्तुति

**बिलासपुर।** कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इसके बाद नृत्य धारा फाउंडेशन के केसर रजक, संस्कृति पाण्डेय, अदिति कौशिक, श्रुति, रूचि देवांगन, पूर्वी चंद्रा, एंजल साव, कौस्तुभि आदि बच्चों ने गणेश वंदना पर नृत्य पेश किया। समिष्ठा घोष ने पारंपरिक वेश में कुचीपुड़ी एवं अरूणिमा सेन गुप्ता व राजीव घोष ने घुंघरू की धुन पर कथक पेश कर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर कथक नृत्यांगना रितेश शर्मा सहित अन्य कला प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आशीष राज सिंघानिया एवं अंतरा चक्रवर्ती ने संयुक्त रूप से किया।




#### ओडिसी गुरु की नृत्य यात्रा का मनाया गया स्वर्ण समारोह

कार्यक्रम में प्रसिद्ध ओडिसी गुरु डॉ. गजेन्द्र पंडा की नृत्य यात्रा के पचास वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण समारोह मनाया गया। इस समारोह के आरंभ में कलाकार प्रभुतोष पंडा, मोक्षदा त्रिपाठी, जी. नागेश्वरी, रीतिका बेनर्जी, प्रियांशा साहू ने गणनायक, अर्ध नारीश्वर, दुर्गा तांडव, ओडिशी नृत्य की प्रस्तुति दी। बांसुरी वादन मुंबई से आए एस. आकाश ने किया। किशन देवांगन रायपुर ने शास्त्रीय गायन किया।

#### प्रतिभाएं आती हैं आगे

आज के कार्यक्रम में ओडिशी गुरु डॉ गजेंद्र पंडा, डॉ विनय कुमार पाठक, निवेदिता सरकार, सी. नवीन कुमार एवं सुप्रिया भारतीयन अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इन्होंने अपने उदबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन से कला प्रतिभा को बढ़ावा मिलता है। प्रतिभाएं आगे आती है। इस तरह का आयोजन शहर में होते रहना चाहिए।




### नृत्य व गीतों की प्रस्तुति से विवि में समा बंधा

#### सांस्कृतिक विविधता प्रतिभा का उत्सव

दूसरे दिन के सृजन कार्यक्रम में स्वादिष्ट फूड फेस्ट के साथ शुरूवात की गई, जहां प्रतिभागियों ने अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। फूड फेस्ट के निर्णायक मंडल में डॉ. कलाधर, सौमित्र तिवारी, डॉ. हामिद अब्दुल्ला और डॉ. गौरव साहू शामिल थे। यह आयोजन सांस्कृतिक विविधता और प्रतिभा का एक आनंदमय उत्सव था, जिसमें छात्रों और प्रतिभागियों के बीच सौहार्द और रचनात्मक अभिव्यक्ति की भावना को बढ़ावा दिया। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में सृजन में न केवल असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को भी उजागर किया।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं सांस्कृतिक गतिविधियां

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने दो दिवसीय सृजन वार्षिक उत्सव की मेजबानी की। रचनात्मकता और सांस्कृतिक उत्साह का जीवंत माहौल विश्वविद्यालय परिसर में छाया रहा। इस कार्यक्रम में प्रतिभा, उत्साह और जोशीले प्रदर्शनों का मिश्रण दिखाया गया। कार्यक्रम में कुलपति एडीएन बाजपेयी, रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे,प्रो. एच.एस. होता, परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरुणधर दीवान मौजूद थे। प्रो. एडीएन बाजपेयी ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है। विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के सहायक प्रोफेसर और सांस्कृतिक प्रमुख हैरी जॉर्ज ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उद्घाटन समारोह के बाद, दिन में गायन और नृत्य के लिए एकल और समूह दोनों श्रेणियों में उत्साही प्रतियोगिताएं हुईं। एकल गीत प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अलेक्जेंडर कुजूर, यशवंत पटेल और डॉ. सीमा बेलोरकर शामिल थे।

#### नृत्य व गीतों में जीता पुरस्कार

एकल गीत श्रेणी में द्वैपायन मुखर्जी ने पहला स्थान हासिल किया, उसके बाद मिल्की तिवारी ने दूसरा और भूमिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। समूह गान श्रेणी में राहुल एवं समूह ने प्रथम स्थान, हर्ष एवं समूह ने दूसरा स्थान तथा शिवांगी एवं समूह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. प्रमोद तिवारी, डॉ. शालिनी शुक्ला और डॉ. श्रेया साहू रहे, जिसमें आर्या ग्रेवाल प्रथम स्थान पर विजयी रहीं, जबकि सोनाली सिदार और निशा साहू ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में आर्या अग्रवाल एवं समूह ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया, उसके बाद प्रिया कश्यप और मितिषा सिंह दूसरे स्थान पर तथा तेजस्वनी एवं समूह तीसरे स्थान पर रहे। पुरस्कार वितरण और समापन समारोह कुलपति प्रो. एडीएन बाजपेयी की उपस्थिति में किया गया। सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और सभी प्रतिभागियों को भविष्य में और अधिक उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने का सुझाव दिया।

### राजपूत महिलाओं ने शिक्षक कालोनी में लगाए पौधे

# प्रकृति का संतुलन बनाए रखने करें पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा बिलासपुर की सदस्यों ने शुक्रवार को शिक्षक कालोनी में पौधरोपण कर पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाए। राजपूत समाज की शालिनी बिसेन व उनके परिवार ने लगाए गए पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी ली। सभी सदस्यों ने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने पौधे लगाना आवश्यक है।

पौधरोपण से पहले राजपूत समाज की अध्यक्ष प्रीति चौहान ने बताया कि उनकी इस संगठन द्वारा वर्ष 2008 से पौधरोपण किया जा रहा है और यह क्रम आज तक चल रहा है। हर साल हमारे द्वारा ऐसी जगह पौधे लगाए जाते हैं, जहां उनके संगठन के मेंबर रहते हैं। इससे पौधों की अच्छी देखरेख हो जाती है। उनके द्वारा लगाए गए सभी पौधे अब पेड़ का रूप लेते जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में विकास के नाम पर कई पेड़ काटे जा चुके हैं। इसकी भरपाई अब तक नहीं हो चुकी है। इससे टेम्प्रेचर बढ़ते जा रहा है और लोग गर्मी से परेशान है। इस स्थिति से निपटने हम सभी अपना कर्त्तव्य समझ कर बारिश के मौसम में निरंतर पौधे लगा रहे हैं। राजपूत परिवार के लोग देखरेख में भी सहयोग कर रहे हैं। इससे उनका यह पौधरोपण अभियान सफल साबित हो रहा है। देविका चौहान ने पर्यावरण प्रदूषण को लेकर चिंता जताई और कहा कि आज के इस प्रदूषित वातावरण ने सभी की चिंता बढ़ा दी है। इसके लिए हम सभी को आगे आना चाहिए।

#### बिसेन परिवार ने ली देखरेख की जिम्मेदारी, लगाए गए ट्री गार्ड




#### पर्यावरण की सुरक्षा आज की जरूरत

सदस्य रीतु ने बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा आज की जरूरत बन गई है। पेड़-पौधों के नहीं रहने से हमें सांस लेने में भी तकलीफ हो सकती है, इसलिए पौधे लगाने को लेकर हर किसी को गंभीर होना आवश्यक है।

#### मिलती है शुद्ध हवा

सदस्य किरण महरवार ने कहा कि निरंतर बढ़ रही गर्मी को देखते हुए पौधे लगाते रहना चाहिए। पौधे लगाने से कई फायदे होते हैं। एक तो शुद्ध हवा मिलती है। वहीं इससे फल, फूल, लकड़ियां भी मिल जाती है। डॉ सुचिता ने कहा कि पौधों के निरंतर कट जाने से प्रकृति का संतुलन बिगड़ गया है। इसे संतुलित बनाए रखने स्वयं को तो जागरूक होना ही है, अपने बच्चों को भी सिखाना होगा। जिससे वे भी पर्यावरण को लेकर सतर्क रहें और अपने जीवन में पौधे लगाते रहें।

#### अभियान को बढ़ा रहे आगे

सदस्य मधुलिका ठाकुर, सुषमा चौहान ने कहा कि पौधरोपण कर हम एक व्यक्ति 5 पौधे लगाने के अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। वे चाहती हैं कि सभी इस अभियान को लेकर जागरूक हों और दूसरे को भी जागरूक कर इससे मिलने वाले लाभ से अवगत कराएं। शालिनी बिसेन व कनूप्रिया ने कहा कि पौधे लगाना पुण्य का काम है। पहले लोग अपने जीवन में एक पौधे अवश्य लगाते थे। उनका उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को बेहतर पर्यावरण देना रहता था। उनकी यही सीख ने उन्हें भी पौधे लगाने जागरूक किया है।

#### जेके इंजीनियरिंग कॉलेज में चल रहा एनसीसी कैम्प



### कैडेट्स को दिया गया फर्स्ट एड व हाइजीन का प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** 7 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण एवं थल सेवा चयन शिविर का आयोजन स्थानीय जेके इंजीनियरिंग कॉलेज में किया जा रहा है। जिसमें कैंप कमांडेड कर्नल संजीव कुमार राय के निर्देशन में कैडेट्स को थल सेवा चयन हेतु फायरिंग, ओबस्टकल, टेंट पिचिंग, मैप रीडिंग, हेल्थ एंड हाइजीन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

शिविर में एनसीसी के विभिन्न ट्रेनिंग ड्रिल, पीटी, सैन्य प्रशिक्षण, सोशल सर्विस सहित अन्य प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में आज कैडेट्स को जेके इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग स्टाफ ने फर्स्ट एड व हेल्थ एवं हाइजीन का प्रशिक्षण दिया। विभिन्न आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार करने के बारे में बताया गया। जेके कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग की प्राचार्य डॉ अनुपमा अग्निहोत्री, पूजा चंद्र एवं पूजा मनहर ने भी कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के संयोजन में डॉ प्रणव तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**ये रहे मौजूद** : प्रशिक्षण के दौरान कैंप के सभी एनसीसी कैडेट्स, एनसीसी अधिकारी, लेफ्टिनेंट आशीष शर्मा, अशोक नागपुरे, डॉ रश्मि पटेल, सूबेदार मेजर नरेश कुमार एवं सभी आर्मी पीआई स्टाफ मौजूद रहे।

### अटल विवि में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन

# खेल से जीवन में अनुशासन व धैर्य आता है, जो जीवन के लिए जरूरी

स्पोर्ट्स न्यूज

अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित शारीरिक शिक्षा विभाग के द्वारा वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षण विभाग के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस जैसे खेलों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दीप प्रज्व्लन के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य दिवाकर नाथ वाजपेयी ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल से जीवन में अनुशासन धैर्य आता है जो आज जीवन जीने के लिए जरूरी ही नहीं आवश्यक है। कुलपति ने स्वयं खेल में सहभागिता दिखाई, जिसमें विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। कुलपति श्री वाजपेयी द्वारा शतरंज में विपक्षी को चेकमेट कर उद्घाटन सत्र प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शतरंज प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर विनय लहरे बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर आयुष यादव एमएससी सेकंड सेमेस्टर, तृतीय स्थान पर सौरभ कुशवाहा रहे। कार्यक्रम में सत्यम तिवारी, मोनिका पाठक एवं सौमित्र तिवारी, हैरी यशवंत पटेल गौरव साहू का सहयोग रहा।



#### इन्हें मिली सफलता

शतरंज महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर ईशा माली फूड प्रोसेसिंग विभाग, द्वितीय स्थान पर सुजनाफूड प्रोसेसिंग विभाग, तृतीय स्थान पर सृजन केशरवानी बीकॉम तृतीय सेमेस्टर रहे। कैरम महिला में प्रथम स्थान शिवांगी पाठक और लीपाक्षी साहू एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर, कैरम पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान राज संजय और रुद्र चंद्र बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर मवीर व आशुतोष एमबीए सेकंड सेमेस्टर, तृतीय स्थान पर वैभव पटेल बीकॉम 6th सेमेस्टर रोशन दास रहे।

## खबर संक्षेप



### बिल्हा में 15 जुलाई तक बनेगा आयुष्मान कार्ड

**बिल्हा।** आयुष्मान कार्ड के क्रियान्वयन का कार्य बिल्हा में 26 जून से 15 जुलाई तक किया जा रहा है। नगर पंचायत वार्ड 1 से 15 तक के ग्रामीणों का अलग अलग आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों में राशनकार्ड के व्दारा आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है। कार्यक्रम में भूपेन्द्र शामनानी, जी मदनएक्का, जी साधराम मरकाम, ती सुन्द्र चेलकर, जीमती कल्याणी कोशक, ती रमेश सन्ताट, जीमती कमला वर्मा, मितानिन निशा राजपूत, मधु शर्मा उपस्थित थे।

### बेलगहना हुआ कबीरमय धूमधाम से मनी जयंती

**बेलगहना।** कबीर आश्रम बेलगहना में संत शिरोमणि कबीर दास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। जिसमें अविनाश साहेब रायपुर से, बिसाहिन बाई जांजगीर से, स्मृति नन्हीं डाली बेलपान के द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख व संरक्षक लखन दास मानिकपुरी, त्रिभुवन दास, रविदास, मोहनदास मानिकपुरी, शिवराम दस, मानसिंह गौतम, पुन्नी दास, शंकर, दिलहरण, छेदी, उमेद, अशोक, कार्तिक, सुकूत दास, छोटे लाल गुप्ता, गणपत लाल गुप्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सड़क पर गड्ढा दुर्घटना को दे रहा निमंत्रण

**करगी रोड कोटा।** धौराभाटा वार्ड 14,15 के समीप, रेलवे स्टेशन से कोटेश्वर मुक्ति धाम रतनपुर रोड के आगे, धौरा भाटा रोड के बगल में ठेकेदार द्वारा गड्ढा खोदा गया है। जो दुर्घटना को निमंत्रित कर रहा है। वार्डवासी दिनेश मिश्रा ने बताया कि ठेकेदार द्वारा रोड के बगल में गड्ढा खोद दिया है, जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है।



### माटी के मयारू का जुनवानी में कार्यक्रम

**तखतपुर।** संस्कृति लोककला मंच माटी के मयारू अचानकपुर का कार्यक्रम जुनवानी में किया गया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ी लोकगीत पर प्रस्तुति कला मंच की ओर से दी गई। आयोजन के अवसर पर पिल्लूराम, विष्णु, भागीरथी, तुलसी, मानुराम, टेकराम, मोहित लाल, श्याम नारायण, मोटू, संतोष, सुमन, जलेश्वर, रामेश्वर, नवीन, राकेश, रंजीत, गोपाल, रवि, नरेंद्र, रामभजन, सीताराम, राजकुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### टीपी नगर में विवाद करने वाली महिला गिरफ़्तार

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत टीपी नगर निवासी प्रार्थी ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 जून को दोपहर लगभग 12 टी.पी.नगर स्थित पिण्डा एण्ड लक्की आटो डील दुकान में अपने दोस्त से मिलने आया था। उसी समय मंजीत कौर आयी और तुम्हारा मालिक कहां है बहुत रिपोर्ट करता है कहते हुए जान सहित मारने की धमकी देने लगी।

## निधन

### एस नारायण स्वामी



**बिलासपुर।** हेमू नगर निवासी एस नारायण स्वामी का 27 जून को निधन हो गया। वे 64 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 29 जून को सुबह 11 बजे तोरवा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे एस मुरली मोहन व एस सुमन के पिता थे।

### सुरेश कुमार मतलानी



**बिलासपुर।** देवरी खुर्द निवासी सुरेश कुमार मतलानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 जून को दोपहर 1 बजे तोरवा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. ककुमल मतलानी के पुत्र एवं दिनेश मतलानी के पिता थे।

# संरक्षित वन क्षेत्र में अतिक्रमण, ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, कार्रवाई करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

■ ज्ञापन में 42 अतिक्रमणकारियों के नामों का किया गया है उल्लेख

खुडिया वन परिक्षेत्र अंतर्गत कंसरी परिसर के संरक्षित वन क्षेत्र में ईमारती पेड़ों को काटकर खेत व मकान बनाकर कृषि कार्य करने किए जाने की शिकायत कलेक्टर से करते हुए सरपंच व ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम, वन एसडीओ को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में 42 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

वन परिक्षेत्र खुडिया के कारीडोंगरी परिवृत्त अंतर्गत कंसरी परिसर में संरक्षित वन क्षेत्र के ग्राम कंसरी निवासी हुकमीचंद जायसवाल, रघुवीर जायसवाल, तुलसी जायसवाल, नारायण जायसवाल, उदयराम यादव, मनोहर कलार, श्याम सिंह कलार के द्वारा 42 अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण करते हुए ईमारती पेड़ों को काटकर खेत व मकान बनाकर कृषि कार्य किया जा रहा है। उक्त अतिक्रमणकारियों के विरूध्द पूर्व में वनमंडलाधिकारी वनमंडल के द्वारा धारा 80 के तहत बेदखली आदेश जारी किया जा चुका है। जिसके परिपालन में 3 बार बेदखली की कार्रवाई की जा चुकी है। उक्त अतिक्रमणकारियों द्वारा वन क्षेत्र पर विचरण करने वाले मवेशियों को रोका जाता है। वन भूमि का पूर्ण रूप से फेसिंग कर दिया गया है जिसके कारण मवेशियों को भोजन, चारा की तलाश में अन्यत्र भटकना पड रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में अखरार सरपंच कल्याणी चन्द्रकांत जायसवाल, जगदीश जायसवाल, आकाश, अमित मनहरण, रामकुमार, जनकराम, बडी नाराजण, बूगन रजक, दिपेश, कुलेश्वर, अंकित, सन्तोष, नरेश कुमार सहित अन्य शामिल है।




कार्यालय वन परिक्षेत्र खुड़िया।

**निर्देशित किया जाएगा**

ज्ञापन मिला है। वनविभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाएगा।

-गिरधारी लाल यादव
एसडीएम

**जल्द कार्रवाई होगी**

अतिक्रमण मामले में नोटिस पहले ही जारी किया जा चुका है। उच्चाधिकारी को अवगत कराया गया। मामले में पुलिस बल, राजस्व टीम की मदद की मांग की गई है। जल्द ही कार्रवाई होगी।

-हंसदास सूर्यवंशी
फारेस्ट एसडीओ

## नागरिकों की सुविधा के अनुरूप बनेगा तहसील कार्यालय भवनः लहरिया



कार्यक्रम में उपस्थित मस्तूरी विधायक के साथ अन्य लोग।

**मस्तूरी।** विधानसभा चुनाव के पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान दिलीप लहरिया की मांग पर मस्तूरी विधानसभा को कई सौगातें दी थी।

पचपेड़ी क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित कॉलेज व तहसील की मांग को तत्काल पूरा करते हुए स्वीकृति प्रदान किया गया था। स्वीकृति के बाद स्थानीय जगह में तहसील कार्यालय खुल जाने से सभी को इसका भरपूर लाभ मिल रहा है। लेकिन तहसील भवन न होने के कारण प्रशासनिक कार्यों में दिक्कत हो रही थी। इसे देखते हुए मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया के प्रयास से 63 लख की स्वीकृति शासन द्वारा किया गया। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया की उपस्थिति में प्रशासनिक व राजस्व विभाग के अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भूमि का चयन किया गया। इस अवसर पर विधायक के साथ हाउसिंग बोर्ड सीईओ, तहसीलदार, ग्राम पंचायत पचपेड़ी सरपंच, पूर्व सरपंच सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व किसान संख्या में उपस्थित थे।

## शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही छत्तीसगढ़ की साय सरकार



शालाप्रवेशोत्सव में बच्चे।

■ कन्या मिडिल स्कूल में विकासखंड स्तरीय आयोजन

**तखतपुर।** विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव सह नेवता भोजन का आयोजन कन्या मिडिल स्कूल में किया गया। जिसमें अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना साहू, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पांडे, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक ठाकुर, भाजपा नेता दिनेश राजपूत, पार्षद नैन लाल साहू, कोमल ठाकुर, कैलाश देवांगन, शिव देवांगन, अमित मंदानी, वरुण सिंह, दिलीप तोलानी, शिप्रा सामुएल, संदीप साहू, नरेंद्र रात्रे, संतोष कश्यप, प्रमोद ठाकुर सहित अन्य रहे।

कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाया और पुस्तक वितरित की गई। नगरपालिका अध्यक्ष अमरिका कृष्ण कुमार साहू ने कहा कि बच्चों के लिए यह एक ऐसा अवसर है जब उन्हें शिक्षा से सुगमतापूर्वक कैसे जोड़ा जाए और उनका विद्यालय के प्रति आकर्षण कैसे हो। उनका लगाव कैसे बना रहे। वह पढ़ाई के प्रति रुचि जागृत रहे इसे हम इस उत्सव के माध्यम से बच्चों को संदेश दे रहे हैं। कृष्ण कुमार साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार शिक्षा को लेकर विशेष ध्यान दे रही है। स्वागत भाषण विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र शुक्ला ने दिया। कार्यक्रम के अंत में नेवता भोजन का आयोजन किया गया इसमें सभी अतिथि, शिक्षक और छात्र-छात्राएं शामिल हुए। संचालन दिनेश दुबे और आभार प्रदर्शन सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत जायसवाल ने किया। इस अवसर पर जितेंद्र शुक्ला, संगीता कोसरिया, एसके पांडे, डी कुंजाम, मौसमी राबिनसन, धर्मपाल बघेल, हीरालाल जांगड़े, प्रेमलाल जैसवाल, अशोक पांडे, बल्लभ रजक, मनोज पवार, राम भुवन यादव, अमरदीप शर्मा, नितेश सिंगरौल, बलिराम रात्रे, प्रकाश शर्मा, विमल शिव ने, गेंदा उपाध्याय, विनोद शर्मा, अनिल शर्मा, राजेंद्र नामदेव, सतीश जायसवाल, राम मूरत कौशिक, अशोक छतरी, आरआर दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## पहाड़ी क्षेत्रों के ग्रामों के निवासियों को स्वास्थ्य सुविधाओं की दरकार

**कोरबा।** स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए ग्रामीण अंचल में उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की कवायद अनवरत चलने वाले कार्य हैं। उसके बावजूद कुछ वनांचल ग्राम ऐसे हैं जहां के निवासी सप्ताह में दो दिन आने वाले स्वास्थ्य कार्यकताओं की सेवाओं पर निर्भर रहते हैं। ऐसे ही ग्राम हैं फुटका पहाड़ रोड के किनारे बसे वनांचल ग्राम जहां के लोगों को उप स्वास्थ्य केन्द्र की सुविधा उपलब्ध नहीं है। ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा प्रशासन स्तर पर लगातार की जाती है। उसके बावजूद कई ग्रामीण अंचल ऐसे हैं जहां सप्ताह में दो दिन पहुंचने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के भरोसे वहां की स्वास्थ्य सुविधा चलती है।

## अटल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** बिजली कटौती से बेलगहना तहसील में ग्रामीणों को हो रही परेशानियों को देखते हुए कांग्रेसियों ने विधायक अटल श्रीवास्तव के नेतृत्व में कांग्रेस नेता पूर्व मण्डी अध्यक्ष संदीप शुक्ला के उपस्थित में तहसीलदार कार्यालय का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा लगातार बिजली कटौती से जनता का जीवन यापन दूभर हो गया है। बिजली बिल की बढ़ोतरी, लो वोल्टेज, ट्रांसफार्मर का बंद रहना आम बात हो गई है। बेलगहना सब स्टेशन के अंतर्गत पहाड़ बछाली, आमागार, चुरेली, आमागोहन, आवास पारा, बहेरामुड़ा, करहीकछार, सतनामीपारा, बेलगहना का वार्ड 12, 13 में ट्रांसफार्मर बदली करने की मांग कई महीनों से कि जा रही है। कांग्रेस नेता संदीप शुक्ला ने चेतावनी देते हुए कहा कि विधायक द्वारा की गई मांग पर समयबद्ध कार्रवाई नहीं होने पर चक्काजाम जैसा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में मनोज बाजपेयी, शिवदत्त पाण्डेय, अख्तर खान, शिव निर्मलकर, रविन्द्र सिंग, आशीष मिश्रा, कपील कुमार जायसवाल, हैप्पी गुप्ता, पालेश्वर सोनी, मोनू दास मानिकपुरी जगदीश बंजारे, शिवा उइके, कन्हैया यादव, उमेन्द्र शर्मा, बैजनाथ पटेल, परदेशी यादव, धनीराम, अभिषेक गुप्ता सहित जोन सेक्टर व बूथ अध्यक्ष कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



ज्ञापन सौंपते कांग्रेसीजन।

## बीजा में ग्रामीणों को नहीं मिल रहा राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

■ इपोस मशीन और फ्रिंगर प्रिंटर काम नहीं करने से हो रही दिक्कत

राशन नहीं मिलने के कारण परेशान ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए राशन दिलाने की मांग की है। ग्राम बीजा में राशन कार्डधारियों को सोसायटी से राशन दिया जाता है परंतु बीजा में उन्हें सरकारी राशन, नमक, शक्कर नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण वे परेशान हो रहे है।

राशन कार्डधारी राशन लेने अपनी रोजी मजदूरी छोड़कर पहुंच रहे है। इसके कारण उन्हें दोहरी मार पड़ रही है। एक तरफ उन्हें मजदूरी नहीं मिल रही है और दूसरे तरफ राशन नहीं मिल पा रहा है। और वे रोज इसी आस के साथ पहुंचते है कि आज चांवल मिल जाएगा। सोसायटी के सेल्समेन मनीराम कोल ने बताया कि यहां पर लगे इपोस मशीन और फ्रिंगर प्रिंटर काम नहीं कर रहा है। बैटरी भी डाउन रहता है। जिसके कारण 400 सौ राशन कार्डधारियों को जून का चावल नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों ने तिथि बढ़ाते हुए राशन देने की मांग की है। और यदि इसमें सुधार नही हुआ तो आंदोलन की चेतावनी राजू ठाकुर एवं डां संतोष ने दी है।



इन ग्रामीणों को नहीं मिल रहा राशन।

**जानकारी मिली है**

बीजा के लोगों को राशन नहीं मिलने की जानकारी मिली है। इस समस्या को निराकरण करने के लिए फूड इंस्पेक्टर को तत्काल भेजा जाएगा।

-सोनू अग्रवाल तहसीलदार तखतपुर।

## शिक्षा से ही व्यक्ति,प्रदेश और देश का विकास संभवः कौशिक

**सकरी।** ग्राम अमसेना स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक ने नव प्रवेशी बच्चों को किताब प्रदान कर उनका शाला प्रवेश कराया। उन्होंने छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब अभी शिक्षा के प्राथमिक पायदान पर प्रवेश कर रहे हैं आप जैसे जैसे ऊपर की कक्षा में जाएंगे आप लोगों को शिक्षा का महत्व और भी स्पष्ट समझ आएगा। कार्यक्रम को जनपद सदस्य अशोक साहू, सरपंच नंद कुमार चौबे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक राजेंद्र कुमार श्रीवास, शिक्षक अजय तिवारी, यशोदा साहू, सुधीर कौशिक, खुश्बू दर्शन, रमाशंकर कौशिक सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।



## आयुष ग्राम सिंघरी में लगा स्वास्थ्य शिविर

■ 372 रोगियों का उपचार कर नि:शुल्क दवा का किया गया वितरण

**बेलतरा।** आयुष ग्राम सिंघरी के नवधा चौक मदनपुर में आयुष संचालक इफ्फत आरा के आदेशानुसार व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ यशपाल सिंह ध्रुव के मार्गदर्शन में त्रैमासिक आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सरपंच विश्वनाथ साहू के द्वारा किया गया।

शिविर प्रभारी डॉ कुमुदिनी पटेल, ने बताया कि आयुष ग्राम की घोषणा लगभग दो महीने पहले हुई है। यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसमें आयुर्वेद के विभिन्न गतिविधि संचालित कर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आयुर्वेद विभाग की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। आज त्रैमासिक आयुष स्वास्थ्य शिविर में 372 रोगियों का उपचार कर निःशुल्क आयुर्वेदिक दवाई का वितरण किया गया। शिविर को सफल बनाने में डॉ रश्मि जितपुरे, डॉ राजेश दुबे, लक्ष्मी साहू, सुरेन्द्र अजगल्ले, सत्यप्रकाश माथुर, हेलन बाई इंडुआ, कुशल प्रसाद यादव व मितानिनों का सक्रिय योगदान रहा।



## पथरी शाला में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**भरींडांड़।** गायत्री परिवार यूथ एसोसिएशन दिया ग्रुप जीपीएम मंडल के द्वारा 26 जून को माध्यमिक शाला पथर्री में पौधरोपण के साथ नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। प्रांत विस्तारक ओमप्रकाश बलभद्र के द्वारा नशा मुक्ति व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत कर अध्ययन सामग्री, ड्रेस का वितरण किया गया।इस अवसर पर ओम प्रकाश बलभद्र, निधि राठौर, रिया राठौर, सुनीता बलभद्र, प्रीति त्रिवेदी, गोलवती उईके, प्रणंव मधुलिका विद्यालय प्रमुख ज्योति बलभद्रे, विष्णु गुप्ता, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष हरिदयाल प्रजापति, ईश्वर सिंह पोर्ते, धरमदास आदि से उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण से मजबूत होगा बुनियादी ढांचा

■ एफएलएन प्रशिक्षण का तृतीय चरण सफलतापूर्वक हुआ संपन्न

**जरहागांव/मुंगेली।** एफएलएन प्रशिक्षण का तृतीय चरण संपन्न हुआ। विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिभा मंडलोई ने बताया कि इसका उद्देश्य बच्चों की शिक्षा में बुनियादी ढांचा मजबूत करना है।

बच्चों में भाषा और गणित की समझ स्थापित हो सके ताकि बच्चे जब आगे की कक्षा में जाएं तब उन्हें विषय के प्रति झिझक न हो। बीआरसी सी उपाध्याय ने कहा कि केंद्र के द्वारा लागू की गई नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षकों के लिए नई जिम्मेदारी तय की गई है। मास्टर ट्रेनर गौकरण डिंडोले, जिलाराम यादव ने कहा कि बच्चो को भययुक्त से निकालकर भयमुक्त वातावरण देना होगा। सभी शिक्षकों को डेली डायरी में कार्ययोजना बनाकर शिक्षा देना होगा। ऐसा करने से ही नई शिक्षा नीति को सफल बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण में संकुल प्राचार्य पिंकी शर्मा, गणेश गुप्ता, उमेश कश्यप सीएसी, मनोज कश्यप, विजय निर्मलकर, दिलीप पटेल, मनोज साहू, गौरव का योगदान रहा।




### क्षेत्र के विभिन्न कृषि केन्द्रों का कृषि अधिकारियों ने किया निरीक्षण

# उर्वरक का अवैध भंडारण, दर्जन भर से अधिक कृषि केन्द्रों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

क्षेत्र के विभिन्न कृषि केन्द्रों का कृषि अधिकारियों ने निरीक्षण कर दर्जन भर कृषि दुकानदारों को नोटिस जारी किया है।

कृषि विभाग के उपसंचालक डीके ब्यौहार ने बताया कि निरीक्षण में मेसर्स शरद कृषि केन्द्र रामूनगर अखरार में उर्वरक लायसेंस में स्त्रोत प्रमाण बिना शामिल किए जैव उर्वरक सुपर पावडर, दानेदार 8 टन, कृष्णा कृषि केन्द्र खुड़िया में 5 टन, नर्मदा कृषि केन्द्र खुड़िया में 0.400 टन अवैध रूप से भण्डारित पाया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए विक्रय प्रतिबंध लगाया संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह मेसर्स कल्याणी कृषि केन्द्र दरवाजा, नवीन ट्रेडर्स घानाघाट, महामाया कृषि केन्द्र घानाघाट, अजय कृषि केन्द्र डोंगरिया, मां शारदा कृषि केन्द्र डोंगरिया, महामाया कृषि केन्द्र लोरमी, कृषि ट्रेडिंग एवं एजेंसी लोरमी, जायसवाल कीटनाशक एवं खाद भण्डार बोड़तराकला, विरेन्द्र कृषि केन्द्र बोड़तराकला, रात्रे ट्रेडर्स खेकतरा, भगत कृषि केन्द्र धनियाडोली, साहू ट्रेडर्स डिंडौरी, विनायक कृषि केन्द्र डिंडौरी एवं महावीर कृषि केन्द्र साल्हेघोरी, बसंत खाद भण्डारण बरेला, शर्मा कृषि केन्द्र दाऊकापा, अरमान कृषि केन्द्र भथरी एवं कमल कृषि केन्द्र भथरी का निरीक्षण कर नियमानुसार केन्द्र संचालन करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान उर्वरक निरीक्षक मनहरण कुर्रे, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी धनंजय कुर्रे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार वर्मा मौजूद रहे।






दुकानों का निरीक्षण करते कृषि अधिकारी।

## चारधाम की यात्रा पूरी कर लौटे तीर्थ यात्रियों का रेलवे स्टेशन पर किया गया स्वागत




रेलवे स्टेशन पर स्वागत करते लोग।

**पेंड्रा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा शाखा दिया ग्रुप पेंड्रा गौरेला मंडल के द्वारा 28 जून को चारधाम की यात्रा पूरी कर लौटे तीर्थ यात्रियों का रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया गया। तीर्थ यात्रियों में जिनका स्वागत किया गया उनमें युवा शाखा दिया के प्रमुख संरक्षक मथुरा सोनी, योगाचार्य राजेंद्र सोनी शिवनी, माया सोनी, कमला अग्रवाल, सरस्वती अग्रवाल का कल्लू सिंह राजपूत, महेंद्र सोनी, शंकर लाल साहू, अशोक सोनी, मदन लाल गुप्ता, चंद्र मोहन अग्रवाल, मनोज गुप्ता, महेश सोनी, द्वारिका सोनी, परदेसी लाल नामदेव, ओम प्रकाश बलभद्र, नवीन विश्वकर्मा, रेखा राठौर, रिया राठौर, चक्रधर देवांगन, रेखम राठौर, गोलू सोनी के द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### कर्मचारी कल्याण संघ की बैठक आज

**बिलासपुर।** छग अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ की बैठक 29 जून को शासकीय प्राथमिक शाला नवीन जरहाभाठा में आयोजित की जा रही है। संघ के जिला अध्यक्ष ने बताया कि यह बैठक दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी। उन्होंने संघ के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### हरदेवलाल मंदिर में स्वास्थ्य शिविर कल

**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ और हरदेव लाल भगवती मंदिर के सौजन्य से 30 जून रविवार को हरदेवलाल मां भगवती मंदिर गोल बाजार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। सुबह 8 बजे से 10 बजे तक आयोजित इस शिविर में शहर के डा. शुभाशीष महतो, डा. आलोक सुल्तानिया, डा. महेन्द्र प्रसाद सामल, डा. रविकांत दास, डा. गीता विश्वकर्मा, डा. विकास अग्रहरी, डा. प्रियंका नेताम अपनी सेवाएं देंगे। शिविर के आयोजकों ने बताया कि शिविर में आने वाले मरीजों के लिए सभी टेस्ट फ्री है। अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

### महाराष्ट्र मंडल की वार्षिक आमसभा कल

**बिलासपुर।** महाराष्ट्र मंडल बिलासपुर की वार्षिक आमसभा रविवार 30 जून को सुबह 11 बजे महाराष्ट्र मंडल बिलासपुर के प्रांगण में रखी गई है। इसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 की सीए द्वारा ऑडिटेड रिपोर्ट सभा के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। इस पर सभा की चर्चा व अनुमोदन प्रस्तावित है। महाराष्ट्र मंडल के सदस्यों से इस वार्षिक आमसभा में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। यह जानकारी महाराष्ट्र मंडल बिलासपुर के सचिव समीर भुरंगी ने दी।

### आरटीई से चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी

**बिलासपुर।** जिला चयन समिति द्वारा डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों में आरटीई के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 8 प्रतिशत निःशुल्क शासकीय कोटे से प्रवेश के लिए मंगाए गए आवेदनों मे से पात्र विद्यार्थियों का चयन सूची जारी कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि सूची में दिए गए नामों के अनुसार विद्यार्थियों को कक्षा में प्रवेश देने की प्रक्रिया पूर्ण किया जाए।

### 3 लाख की ठगी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस विभाग में नौकरी लगाने का झांसा देकर युवक से 3 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। मामले में ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित गनराज कुमार सूर्यवंशी ने 21 जनवरी 2021 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने शिकायत में बताया कि सीपत निवासी प्रेम खरे पिता राधेश्याम खरे उम्र 35 साल व बृजेश गुप्ता पिता प्रीतम गुप्ता उम्र 32 साल ने उन्हें पुलिस विभाग में नौकरी लगवा देने का झांसा दिया और 16 मई 2018 को 3 लाख रु ले लिए। जॉइनिंग लेटर नहीं मिलने से और न ही पैसा वापस किए जाने से गनराज की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। विवेचना के दौरान 13 फरवरी 2021 को प्रेम खरे को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। बृजेश गुप्ता फरार था, जिसे पुलिस टीम गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा।

## थाना प्रभारियों पर लगेगी लगाम

**नया कानून 2 दिन बाद लागू :** धरना-प्रदर्शन, उपद्रव में पार्टी कार्यकर्ताओं का केस एकतरफा खत्म नहीं होगा, अब हत्या, लूट, बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों में भी घर बैठे तुरंत हो सकेगी ई-एफआईआर

# हर 15 दिन में दर्ज केस की कोर्ट पहुंचकर मजिस्ट्रेट को देनी होगी जानकारी

**155 एनसीआर काट कोर्ट भेजने से नहीं चलेगा काम**

**अब हर 15 दिन में थाना स्टॉफ मजिस्ट्रेट को दर्ज अपराधों की देनी होगी जानकारी**

**बिलासपुर।** नए आपराधिक कानून देशभर में 1 जुलाई से लागू हो रहे हैं। 51 साल पुराने सीआरपीसी की जगह लेने जा रही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) में नए नियम इस तरह बनाए गए हैं कि एफआईआर दर्ज कराने से लेकर बयान देने और केस की पूरी प्रक्रिया फरियादी के लिए आसान हो जाए। नया आपराधिक कानून लागू होने में केवल 2 दिन ही शेष बचे है। ऐसे में पुलिस के अधिकारी तैयारी में जुट गए हैं। आईजी,एसपी अपने मताहतों को ट्रेनिंग दे रहे हैं। थानों में विवेचकों को विशेष रूप से नए कानून से जुड़े पाठ पढ़ाए जा रहे हैं। पुलिस पहले एफआईआर दर्ज करने के लिए पीड़ित को घुमाती थी, लेकिन नए कानून के तहत पीड़ति अपनी आनलाइन एफआईआर स्वयं दर्ज करा सकता है। राजनितिक या पार्टी विशेष के कार्यकर्ता हर छोटे-छोटे मुद्दों को लेकर सड़क पर धरना प्रदर्शन के साथ ही जो उपद्रव मचाते थे, इसके बाद इन पर दर्ज अपराध पार्टी के सत्ता में आते ही शासन स्तर पर एकतरफा खात्मा करा दिया जाता था, अब ऐसा नहीं हो पाएगा, इसके लिए भी विशेष नियम बना दिया गया है।

### ऐसे समझिए एफआईआर और केस से जुड़े 7 अहम बिंदु



**1- ई-एफआईआर**

**पुराना-** अब तक ई एफआईआर साधारण चोरी और वाहन चोरी जैसे अपराधों के लिए आईपीसी की धारा 379 में की जाती थी। इनमें तीन साल तक सजा का प्रावधान है।

**नया-** हत्या, लूट या बलात्कार जैसी गंभीर धाराओं में भी ई-एफआईआर हो सकेगी। वाट्सएप, ईमेल या वॉइस रिकॉर्डिंग से भी पुलिस को सूचना दे सकेंगे। ई-एफआईआर के मामले में फरियादी को तीन दिन के भीतर थाने पहुंचकर एफआईआर की कॉपी पर साइन करना होगा।

**2-जीरो एफआईआर**

**पुराना-** जीरो एफआईआर यानी घटना किसी भी जिले की हो, उसकी एफआईआर कराने के लिए फरियादी यदि थाने में दर्ज करवाने जाता है तो उसे थाना क्षेत्र का हवाला देकर लौटा दिया जाता था।

**नया-** नए बदलावों के तहत जीरो एफआईआर को कानूनी तौर पर मेंडेट कर दिया है। अपना क्षेत्र न होने का हवाला देकर फरियादी के साथ टालमटोल करने वाले पुलिसकर्मी पर निलंबन जैसी विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है।

**3- केस की प्रोग्रेस एसएमएस पर**

**पुराना-** फरियादी को थाना स्टाफ से अपने केस की जानकारी लेने में परेशान होना पड़ता था। 'जांच चल रही है' कहकर उसे थाने से लौटा दिया जाता था। आरटीआई तक लगानी पड़ती थी।

**नया-** पीड़ित को उसके केस से जुड़े हर अपडेट की जानकारी हर स्टेज पर उसके मोबाइल नंबर पर एसएमएस से मिलेगी। यानी केस में हो रही हर अपडेट फरियादी को बतानी होगी। अपडेट देने की समय सीमा 90 दिन निर्धारित की गई है।

**4- एकतरफा खात्मा नहीं**

**पुराना-** हर साल प्रदेशभर में करीब 500 ऐसे केस राज्य शासन अपने स्तर पर ही बंद कर देता था, जो राजनीतिक होते थे। जैसे किसी पार्टी कार्यकर्ताओं पर धरने-प्रदर्शन के दौरान दर्ज केस।

**नया-** राज्य शासन अब ऐसे केस एकतरफा बंद नहीं कर सकेगा। धरना-प्रदर्शन, उपद्रव में यदि फरियादी आम नागरिक है तो उसकी मंजूरी लेनी होगी। धरना-प्रदर्शन के दौरान किसी नागरिक के साथ मारपीट या वाहन में तोड़फोड़ होने पर फरियादी आम नागरिक होता है।

**5- सारे दस्तावेज मिलेंगे**

**पुराना-** फरियादी को एफआईआर की कॉपी लेने के लिए भी परेशान होना पड़ता था। ये आरोप भी लगते रहे कि फरियादी ने पुलिस को जो बयान दिया, वह कोर्ट में बदलकर पेश कर दिया गया।

**नया-** फरियादी को एफआईआर, बयान से जुड़े दस्तावेज भी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। फरियादी चाहे तो पुलिस द्वारा आरोपी से हुई पूछताछ के वीडियो भी ले सकता है। यानी वे पेनड्राइव में अपने बयान की कॉपी ले सकेंगे।

**6- छोटे अपराधों पर भी गंभीर**

**पुराना-** दुर्व्यवहार व हाथापाई जैसे छोटे अपराध (असंज्ञेय), जो पुलिस के सीधे हस्तक्षेप योग्य नहीं होते, इनमें पुलिस धारा 155 के तहत एनसीआर काटकर फरियादी को कोर्ट जाने की सलाह दे देती थी।

**नया-** स्टाफ को थाने में दर्ज असंज्ञेय अपराधों की जानकारी भी संभालकर रखनी होगी। हर 15 दिन में मजिस्ट्रेट को जानकारी देनी होगी।

**7- पीड़ित को मुआवजा**

**पुराना-** अब तक केवल एससी-एसटी के प्रकरणों में पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत भुगतान किए जाते थे। ये रकम एफआईआर, चालान और सजा होने पर तीन किश्तों में जारी की जाती थी।

**नया-** केंद्र की मदद से राज्य सरकार पीड़ित या उसके आश्रितों के लिए पीड़ित प्रतिकर स्कीम तैयार करेगी। ऐसे पीड़ित, जिन्हें अपराध के कारण नुकसान हुआ है व जिन्हें पुनर्वास की जरूरत है। सरकार के विवेक पर होगा कि प्रतिकर योजना का लाभ किस तरह के अपराधों में दें।

**एक्सपर्ट व्यू**

उमेश कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर

### तीन दिन के भीतर थाने आकर करना होगा हस्ताक्षर



1 जुलाई से नया कानून के तहत अपराध दर्ज होगी। कई धाराओं में बदलाव किया गया है। इसमें मुख्य एफआईआर को लेकर निर्देश मिले हैं। अब पीड़ित अपने घर से ही किसी भी मामले में स्टेट पुलिस की प्लेटफार्म पर इलेक्ट्रानिक माध्यम से ऑनलाइन अपना एफआईआर दर्ज करा सकते हैं। लेकिन इसके लिए भी नियम है। नया कानून के अनुसार ई-एफआईआर के तीन दिन के भीतर संबंधित को थाना में आकर पीड़ित को एफआईआर की कॉपी में थानेदार के हस्ताक्षर कराकर केस के संबंध में जानकारी देनी होगी। तभी ये एफआईआर मान्य होगा। इसके अलावा जांच की प्रक्रिया से लेकर कोर्ट में विवेचना रिपोर्ट प्रस्तुत करने तक की प्रक्रिया के नियमों में बदलाव हुआ है।

## सप्ताहभर से चल रही थी स्लम एरिया में तोड़फोड़, दो दिन से रूकी हुई है कार्रवाई

# चांटीडीह मेलापारा में ईरानी मोहल्ला पहुंचते ही एकाएक थम गई तोड़फोड़ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम द्वारा पिछले सप्ताहभर से चांटीडीह मेलापारा में जो तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा रही थी, वह पिछले दो दिनों से थमी हुई है। मेलापारा में नदी किनारे स्लम एरिया से कच्चे मकानों, झोपड़ियों को तोड़ने की कार्रवाई की गई थी और ईरानी मोहल्ला पहुंचते तक कार्रवाई बंद कर दी गई है।

चांटीडीह मेलापारा में बड़ी संख्या में लोग अवैध रूप से कच्चे मकान बनाकर रह रहे थे। इनमें से अधिकांश परिवारों को नगर निगम द्वारा अशोकनगर में आवास आबंटित किया जा चुका था। उसके बाद भी ज्यादतर परिवारों ने चांटीडीह मेलापारा को नहीं छोड़ा था। पिछले दिनों नगर निगम द्वारा मेलापारा में रहने वाले परिवारों को नोटिस देकर मकान खाली करने कहा गया, उसके बाद सप्ताहभर पहले निगम द्वारा वहां पर तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू की गई थी। एक तरफ मेलापारा के कच्चे मकानों को खाली कराकर वहां रहने वाले परिवारों को अशोक नगर में शिफ्ट कराया जाता रहा है, वहीं जैसे ही मकान खाली होते जाते वैसे ही बुलडोजर से उन खाली मकानों को ढहाया जा रहा था। यह कार्रवाई करीब एक सप्ताह लगातार चली, उसके बाद पिछले दो दिनों से चांटीडीह मेलापारा में एकाएक कार्रवाई थम गई है, जबकि वहां पर अभी भी कच्चे मकान स्थित है। नगर निगम द्वारा मेलापारा में ईरानी मोहल्ला के पहले एरिया तक के कच्चे मकानों को ढहाया गया है, उसके बाद मकानों में रहने वालों को कहीं शिफ्ट भी नहीं किया गया है।



चांटीडीह मेलापारा में तोड़फोड़ के बाद अचानक कार्रवाई को रोक दिया गया है।

### कार्रवाई के दौरान विरोध, हंगामा

नगर निगम द्वारा चांटीडीह मेलापारा में तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान कई दिनों जमकर हंगामा मचा और वहां पर रहने वाले लोगों ने कार्रवाई का विरोध किया। पहले दिन तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू होते ही वहां पर विरोध शुरू हो गया और हंगामा मचाने वाले 6 लोगों को पुलिस पकड़कर ले गई थी। बीच में एक दिन वहां की महिलाओं ने कार्रवाई का विरोध और आवास की मांग को लेकर पुराने पुल पर चक्काजाम कर दिया था। उसके अगले दिन मेलापारा में निगम की टीम पर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया था। हांलाकि पूरे कार्रवाई चलत तक मौके पर पुलिस बल तैनात रही और किसी तरह कानून, व्यवस्था बिगड़ने नहीं दी।

### चेक करा रहे हैं

चांटीडीह मेलापारा में अभी तोड़फोड़ रूक गई है, अभी 40 और मकान खाली करा लिए गए हैं, जिन्हें तोड़ा जाना है। जिन लोगों को अशोक नगर में आवास आबंटित हुए थे, उन्हें वहां से शिफ्ट कराया गया है और उनके कच्चे मकान तोड़े गए हैं। बहुत से ऐसे लोग वहां रहते हैं, जिन्हें आवास आबंटित नहीं हुआ है, इसलिए अभी एक बार चेक करा रहे हैं कि कितना और तोड़ना है और कितना टूट गया है।

-सुरेश बरूआ, आवास शाखा प्रभारी, ननि

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले युवक को 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नाबालिग को घर से भगाने और संबंध बनाने वाले युवक को कोर्ट ने पॉक्सो प्रकरण पर सुनवाई करते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक दिनेश सिंह ठाकुर ने दलील पेश करते हुए कोर्ट में पैरवी के दौरान 18 गवाहों को पेश किया, जिसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। सीपत थाने में 10 जुलाई 2022 को अपने नाना-नानी के साथ सो रही नाबालिग को सीपत कुकदा निवासी दीपक कुमार पाण्डेय पिता संतकुमार पाण्डेय 19 वर्ष बहला - फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। सुबह 5 बजे घर वाले जागे तो नाबालिग नहीं मिली, जिसके बाद परिजन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने 25 अगस्त को आरोपी को पकड़ा, उसके पास से नाबालिग को बरामद कर कोर्ट में चलान पेश किया गया। इस दौरान पुलिस की जांच रिपोर्ट में किशोरी की उम्र 16 साल से कम होने पर आरोपी दीपक पाण्डेय पर 363,366 और 376 का अपराध दर्ज कर उसे न्यायाल के समक्ष प्रस्तुत किया। पाक्सो के मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर घर से भगाने और 10 अगस्त 2022 से 25 अगस्त 2022 तक लगातार शारीरिक संबंध बनाने का दोषी पाते हुए उसे 20 साल की सजा सुनाई है।

### 112 के सिपाही को जड़ा तमाचा, दो दिन बाद जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** डायल 112 की टीम घायल मरीज को इलाज के लिए रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ला रही थी। इसी दौरान गांव के बीच सड़क पर एक शराबी ने 112 के सिपाही के साथ हुज्जतबाजी करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शराबी ने सिपाही के कॉलर पकड़ उसे तमाचा जड़ता रहा। घटना के दो दिन बाद रतनपुर थाने में शिकायत हुई, लेकिन तमाचा जड़ने वाले व्यक्ति को पुलिस पकड़ नहीं पाई है। रतनपुर टीआई रजनीश सिंह ने बताया 26 जून को डायल 112 की टीम ग्राम चपोरा गई थी। यहां सिर पर चोट लगने से सगुन सिंह घायल हो गए थे। सिपाही उपचार के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर ला रहे थे। इसी दौरान गांव के मुख्य मार्ग के पास एक शराबी पुलिस की टीम के साथ हुज्जतबाजी करने लगा। डायल 112 के सिपाही महेंद्र रजवाड़े के साथ विवाद करते हुए उसे लगातार कई तमाचा जड़ दिया। घटना के दो दिन बाद शुक्रवार को रतनपुर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज हुई, लेकिन सिपाही को मारने वाला शराबी अब तक पुलिस के पकड़ में नहीं आया है।

# जमीन अधिग्रहणः एसईसीएल ने नहीं दी नौकरी, पीड़ित पहुंचे शहर, मुख्यालय घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के गेवरा कुसमुंडा में एसईसीएल की खदानें सालों से संचालित है। खदानों के लिए सैकड़ों ग्रामीणों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है, अधिग्रहण के समय ग्रामीणों को नौकरी देने का वादा भी किया गया, लेकिन सालों बाद भी ग्रामीण नौकरी की आस में भटक रहे है। शुक्रवार को ग्रामीणों ने सीपत रोड स्थित एसईसीएल का मुख्यालय का घेराव कर दिया। ग्रामीण कई घंटे तक गेट के सामने बैठे रहे।

कोरबा के गेवरा-कुसमुंडा जैसे गांव में एसईसीएल की खदाने हैं, हजारों एकड़ जमीन अधिग्रहित की गई है, लेकिन जिनकी जमीन ली गई है, उन्हें आज तक नौकरी नहीं मिल सकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि खेतों को लेकर एसईसीएल लाखों टन कोयला निकाल रहा है, लेकिन ग्रामीणों को नौकरी देने से टोलमटोल का रवैया अपनाया जा रहा है। वे कई वर्षों से नौकरी का इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि एसईसीएल द्वारा ग्रामीणों को नौकरी का वादा देकर जमीन अधिग्रहित की गई थी, लेकिन जब नौकरी की बात पर प्रबंधन के अधिकारी एसईसीएल अधिनियम 2012 का हवाला देकर आनाकानी कर रहे हैं, जबकि अधिग्रहण के समय यानी 2004 में इस तरह का कोई नियम अस्तित्व में नहीं था। ग्रामीणों की पात्रता पुराने नियम के अनुसार है। नौकरी नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने चरण बद्ध तरीके से आंदोलन की चेतावनी दी है।



एसईसीएल मुख्यालय के सामने प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### खेत से कब्जा छोड़ने कहा तो फोड़ दी आंख

बिलासपुर। किसान के खेत में गांव के ही युवक ने कब्जा कर लिया। बारिश में खेती-किसानी करने पहुंचे किसान ने कब्जा छोड़ने कहा तो उसके साथ मारपीट करते हुए उसकी आंख फोड़ दी। गंभीर रूप से घायल युवक एसपी ऑफिस पहुंचा। उसे उपचार के लिए सिम्स भेजा गया, जिसके बाद कोटा थाना में मारपीट का मामला दर्ज कराया गया। कोटा टीआई अनिल अग्रवाल ने बताया कि गनियारी भाड़म निवासी जगेश राम कौशिक पिता स्व.तुलसी राम कौशिक के खेत पर वहीं के छोटू नामक युवक ने कब्जा कर रखा है। शुक्रवार को जगेश धान की बोनी करने छोटू को खेत से कब्जा छोड़ने की बात कही। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद शुरू हो गया। गुस्से में आकर छोटू ने मारपीट शुरू कर दी। पास रखे बेलचा से जगेश पर वार कर दिया। इससे जगेशराम के एक आंख पर गंभीर चोट आई। उसे दिखाई तक नहीं दे रहा है। ऐसे में अपनी पत्नी के साथ शिकायत करने एसपी कार्यालय पहुंचा जहां से उसे उपचार के लिए सिम्स भेजा गया। उपचार के बाद घायल युवक कोटा थाना पहुंचा जहां पुलिस ने मारपीट का अपराध दर्ज किया।

# निगम में पोर्टल से टैक्स भुगतान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में निजी ठेका कंपनी स्पैरो का अनुबंध समाप्त होने के बाद नगर निगम द्वारा सीधे टैक्स वसूली चालू कर दिया गया है। नई व्यवस्था शुरू होने के बाद पिछले पांच दिनों में 218 लोगों ने टैक्स जमा किया है, जिससे निगम को 19 लाख 70 हजार 843 रुपए राजस्व के रूप में मिला है।

नगर निगम ने 19 जून को स्पैरो के साथ अनुबंध समाप्त होने के बाद 23 जून तक टैक्स वसूली का काम बंद रखा था। तैयारी पूरी होने के बाद 24 जून से टैक्स वसूली का काम फिर से चालू हुआ है जिसके तहत नागरिकों ने जोन कार्यालय, निगम मुख्यालय और आरआई के माध्यम से अपने टैक्स का भुगतान शुरू कर दिया है। नगर निगम ने स्मार्ट सिटी की मदद से पोर्टल तैयार किया है, जिसके जरिए करदाताओं के टैक्स भुगतान करने पर पोर्टल में अपडेट कर पावती दी जा रही है।

नगर निगम के समस्त करों की वसूली करने वाली कंपनी स्पैरो का ठेका समाप्त कर दिया था, जिसके बाद साफ्टवेयर समेत अन्य तैयारियों में निगम जुटा हुआ था। अब नागरिक अपने क्षेत्र के जोन कार्यालय और एआरआई के माध्यम से अपना टैक्स जमा कर सकते हैं।

### जल्द शुरू होगा आनलाइन सिस्टम



नगर निगम के सभी प्रकार के टैक्स चाहें प्रापर्टी टैक्स हो या पानी का, कमर्शियल टैक्स सभी प्रकार के टैक्स शहर के नागरिक घर बैठे आनलाइन जमा कर सकेंगे। नगर निगम जल्द ही आनलाइन सर्विस शुरू करने जा रही है, जिसके जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। करदाताओं की वास्तविक संख्या और अन्य जानकारी के लिए सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए निगम की टीम घरों तक पहुंच रही है जिसका कार्य अंतिम चरण में है। आनलाइन सर्विस शुरू होने के बाद पोर्टल में करदाता द्वारा अपनी प्रापर्टी और टैक्स की पूरी डिटेल आ जाएगी, जिसे आनलाइन ही जमा करने के बाद उन्हें पावती मिलेगी, जिसे वे प्रिंट करा सकेंगे या डाउनलोड करके अपने पास रख सकेंगे।

### पोर्टल से हो रहा भुगतान

नगर निगम में स्पैरो कंपनी का ठेका समाप्त होने के बाद सीधे अपनी व्यवस्था तहत टैक्स वसूली का काम चालू कर दिया गया है। निगम के पोर्टल के जरिए टैक्स भुगतान की प्रक्रिया चालू हो गई है और अब लोग टैक्स जमा कर सकते हैं।

-खजांची कुम्हार, अपर आयुक्त, नगर निगम

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# बछिया को कार से कुचलने वाला युवक गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तारबाहर क्षेत्र के डिसाइपल चर्च के सामने रात में सड़क पर बैठी बछिया पर कार चढ़ाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है। दरसल सरकंडा में रहने वाले शिवांश पांडेय ने तारबाहर थाने में मामले की शिकायत की है।

शिवांश ने पुलिस को बताया कि डिसाइपल चर्च के सामने कार सवार ने जानबुझकर बछिया पर कार चढ़ा दिया। एएसपी उमेश कश्यप ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद सीसीटीवी कैंमरे में नजर आ रही कार क्रमांक सीजी 10 एक्यू 3177 के चालक की तलाश शुरू की, फुटेज के अनुसार आरोपी की



पहचान शेख शाहिद के रूप में की गई। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से रिमांड पर उसे जेल भेज दिया गया।

### गौ सेवकों ने किया था प्रदर्शन

बछड़े को कार से कुचते हुए सीसीटीवी की वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने लगा। इसके साथ ही मामले को लेकर नाराज गौ सेवकों ने गुरुवार की दोपहर कलेक्टोरेट व एसपी आफिस के सामने जमकर हंगामा किया। गो सेवकों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में गंभीरता नहीं दिखाई। लोगों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने इस मामले में दो दिन बाद आरोपी की तलाश कर उसे गिरफ्तार किया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यकता है

हरिभूमि बिलासपुर में क्लासीफाईड विभाग में मार्केटिंग कार्य के लिए मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार/शिक्षा-स्नातक। स्वयं का वाहन होना अनिवार्य है। इच्छुक सज्जन अपने बायोडाटा व पासपोर्ट साईज फोटो के साथ आवेदन भेजें।

संपर्क करें
हरिभूमि
रिंगरोड नं. 2 गौरव पथ, बिलासपुर छ.ग. फोन- 07752401050
Haribhoomibsp@gmail.com

28-JUN-REGNOL-pg-2_Layout 1 6/29/2024 12:00 AM Page 1



## शाला प्रवेश उत्सव

### संकुल स्रोत केंद्र धमनी



**सरगांव।** संकुल स्रोत केंद्र धमनी के प्राथमिक शाला धमनी, सांवा, लोहदा, भखरीडीह, पूर्व माध्यमिक शाला धमनी सांवा व हाईस्कूल धमनी में शाला प्रवेश का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य आयोजन संकुल केंद्र धमनी में संकुल स्तरीय विधा प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी अधिकारी एबीईओ रविपाल राठौर थे। कार्यक्रम को उप सरपंच मनोज कौंशिक, मंत्री लाल कौशिक, एजाज खान, खासियतउल्ला खान, शरियतउल्ला खान, परदेशी वर्मा, संकुल प्राचार्य अजय कमल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर संगीता भारद्वाज, मोतीलाल अनन्त, सुशीला ध्रुव, रामसिंह ठाकुर,अशोक बरगाह, जानकी ठाकुर सहित शिक्षक पालक व छात्र उपस्थित रहे।

### पाण्डेय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला



**तखतपुर।** जनकलाल मोतीलाल पाण्डेय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत जितेन्द्र पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण कुमार साहू, राजेश सोनी, सुनील जांगड़े, संस्था की प्राचार्य डी एच कुंजाम रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता श्रीकांत मिश्र, आभार प्राचार्य डीएच कुंजाम ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता संजय ठाकुर, सी बी देवांगन, माधुरी राजपूत, आरती त्रिपाठी, रोहित चलपे, विनोद चंद्रवंशी, अनिता सिंह, कुशल धुरी, शेखर महिलांगे, चंद्रशेखर लास्कर एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### बीआर साव स्कूल



**मुंगेली।** जिला मुख्यालय स्थित बीआर साव शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले और कलेक्टर राहुल देव ने नव प्रवेशित बच्चों का अभिनंदन किया। कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तक का वितरण किया गया। विधायक मोहले ने स्कूल के विकास के लिए 33 लाख रूपए देने की घोषणा की। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश पाठक, नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह, इस दौरान संयुक्त कलेक्टर गिरीश रामटेके, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल, पार्षद, गणमान्य नागरिक रामकिंकर परिहार, रामशरण यादव, अधिकारी, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के उप प्राचार्य राजेन्द्र सिंह क्षत्रिय ने किया।

### स्वामी आत्मानंद व कन्या शाला मरवाही



**पेंड्रा।** मरवाही के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शुभम पेंद्रो थे। उन्होंने नवप्रवेशित छात्र छात्राओं का स्वागत किया। साथ ही सभी को शिक्षा के महत्व के बारे में बता कर उनका मार्गदर्शन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### भारतीय विद्यापीठ कोटा

**करगी रोड कोटा।** भारतीय विद्यापीठ में हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।



प्राचार्य घनश्याम प्रसाद तिवारी द्वारा छात्र छात्राओं को तिलक लगा, मुंह मीठा कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान शिक्षक सुधांशु तिवारी, शिक्षिका राधा गुप्ता, शारदा ठाकुर, सावित्री साहू, हेमारानी, अंजली साहू, भुवनेश्वरी, सुलेखा व छात्र , छात्राएं उपस्तिथ थे 1

### विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुड़कई में विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव सत्र 2024 -25 मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत कुड़कई एवं न्योता भोज के संयोजक मधु कुमार चंद्रा कार्यपालन यंत्री पेण्ड्रारोड मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रवेशात्सव के अवलोकन हेतु डाईट पेण्ड्रा से केपी राव, रश्मि नामदेव, मंजूला राव, संकुल प्राचार्य श्रीमती टोप्पो एवं डोमन चंद काछी संकुल समन्वयक एवं उनके स्टॉफ के सदस्य उपस्थित थे।

## परिजन व नगरवासियों ने निकाली मौन रैली

# युवती के हत्यारे को फांसी की मांग

**पेंड्रा।** बीते बुधवार को गौरेला रेस्ट हाउस के पास हुए मर्डर के आरोपी को फांसी की सजा दिए जाने को लेकर मृतक लड़की के परिवार और स्थानीय नागरिकों द्वारा बड़ी संख्या में घटना स्थल से संजय चौक तक मौन जुलूस निकाल कर मृतक रंजना यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की,मौन जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाओं और लड़कियों ने भी इस जघन्य हत्या के आरोपी दुर्गेश प्रजापति को फांसी की सजा देने की मांग की है...




-मौन प्रदर्शन के दौरान मृतक की मां के आंसू थम नहीं रहे अपनी बेटी को याद कर वो बेसुध हो जा रही है, पीड़िता की मां का कहना है मेरी बेटी ने किसी क्या बिगाड़ा था जो उसे इतनी बेरहमी के साथ मार डाला, आसपास के किसी भी व्यक्ति ने इस घटना को रोकने का जरा भी प्रयास किया होता तो शायद मेरी बेटी बच जाती,भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में दिन दहाड़े हुई दिल दहला देने वाली इस घटना के बाद चारों तरफ सनसनी फ़ैल गई थी, सीसीटीवी कैमरे में कैद इस हत्या कांड को जिसने भी देखा वो सहम गया,पुलिस ने देर रात आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया था। कांग्रेस नेता गुलाब राज ने मांग की है कि लोग पुलिस को सहयोग कर आरोपी को सजा दिलाने में मदद करें। पूर्व मंडी अध्यक्ष ज्ञानेंद्र उपाध्याय ने कहा कि इस प्रकरण को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर मृतक लड़की और उसके परिवार को इंसाफ दिलाया जाए।

# बच्चों को सिखाने के लिए चाहिए विशेष हुनर: शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर




प्राथमिक शाला के शिक्षकों के लिए आयोजित एफएलएन का प्रशिक्षण विकासखंड में चार चरणों में संपन्न हुआ। इसमें कक्षा पहली से तीसरी पढ़ने वाले विकासखंड के शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में समापन दिवस पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र शुक्ला ने शिक्षकों से कहा कि प्राथमिक स्तर के बच्चों को सिखाने के लिए एक विशेष हुनर की आवश्यकता होती है और यह हुनर हमें एफएलएन प्रशिक्षण के माध्यम से मिला है। इसे हम अपने अध्यापन के तौर तरीके में शामिल कर आसानी से उन बच्चों को गणित और भाषा की बुनियादी ज्ञान दे सकते हैं। इतना ही नहीं उन्हें सीखने के प्रति रुचि भी पैदा करने के लिए उन्हें कैसे प्रेरित करें यह भी इस प्रशिक्षण के माध्यम से हमें सीखने को मिला। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत जायसवाल ने शिक्षकों से शाला संचालन और अध्यापन तथा बच्चों की सुरक्षा और मध्यान्ह भोजन के गुणवत्ता पर चर्चा की। प्रशिक्षण में डीआरजी आशुतोष श्रीनेत, शिव धुर्वे, नलिनी साहू, अजय तिवारी, मनोरमा बर्मन, संतोषी यादव, प्रकाश शर्मा, निलेश तिवारी, विमल सिंवने शामिल थे।प्रशिक्षण को संपन्न करने में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत जायसवाल, संगीता कोसरिया,खण्ड समन्वयक सीमा त्रिपाठी सहित नितेश सिंगरौल, लवकांत द्विवेदी, अमरदीप शर्मा ,राजेश चौबे ,गेंदा उपाध्याय ,अशोक पांडे,सतीश जायसवाल, राजेंद्र नामदेव का सहयोग रहा।

# विभिन्न संगठनों ने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ नगरीय निकायों के विभिन्न संगठनों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर उपमुख्यमंत्री अरूण साव को मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगरीय निकायों में 1 से 3 माह तक लंबित वेतन हेतु राशि आबंटन किए जाने, नगरीय निकायों के कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 7 तारीख तक वेतन भुगतान सुनिश्चित किए जाने, नगरीय निकाय के कर्मचारियों को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान किए जाने, एनपीएस/जीपीएफ प्रत्येक माह की 1 तारीख तक जमा किए जाने, नगरीय निकायों में ओल्ड पेंशन योजना लागू किए जाने, लंबित अनुकम्पा नियुक्ति का निराकरण शीघ्र ही किए जाने, नगरीय निकाय को प्रति व्यक्ति देय चुंगी क्षति की राशि में 35 रुपए को संशोधित करते हुए 150 रूपए प्रति व्यक्ति किए जाने, निकायों में कर्मचारियों के पदोन्नति हेतु अतिरिक्त पद स्वीकृत किए जाने तथा नगरीय निकाय को सुदृढ़ किए जाने हेतु उप मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री को अपना सुझाव सहित मांग पत्र ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देने हेतु अधिकारी, कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप चन्द्राकर, प्रदेश सचिव ऋषभ ठाकुर, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष महितोष शर्मा, प्रदेश महामंत्री आशा जंघेल, प्रदेश महामंत्री विकास सिंह ठाकुर, मयंक बसंतवानी, सुभाष सोनकर, जितेन्द्र देवांगन, राजवीर दीक्षित, हरिकिशन, विनोद यादव, दिली साहू, विकास देवांगन, छत्तीसगढ़ राज्य नगरीय प्रशासनिक सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र पात्रे, अंकुर पांडे, छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ट नगर पालिका संघ/छत्तीसगढ़ प्लेसमेंट अधिकारी कर्मचारी संघ से श्रवण कुमार ठाकुर, अरूण सिंह, संजय शर्मा, छत्तीसगढ़ प्लेसमेंट अधिकारी कर्मचारी संघ से प्रदेश अध्यक्ष संजय यणे की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा।




उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते कर्मचारी।

## अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन



**तखतपुर।** अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर खैरी के ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। एसडीएम को दिए आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि खैरी की शासकीय भूमि में पिपरहट्टा निवासी चरणदास बंजारे व उनके परिवार के द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिसके कारण लोगों को मवेशियों को चराने की समस्या हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस अवैध कब्जा के कारण खैरी के लोगों को चारागाह नहीं मिल पा रहा है। चारागाह नहीं मिलने से उनके मवेशी भूखे मर रहे है। कब्जाधारी के द्वारा लगभग 7 एकड़ से ज्यादा जमींन पर कब्जा किया गया है। इसे मुक्त कराए जाने की शिकायत करने वालों में रमेश मरावी, केशव प्रसाद, परदेशी, तिलक, प्रताप, दिलीप, मोहन, चंद्रमुनी, दीपक, राजेंद्र, दिनेश, भूपेंद्र, प्रदीप, दिनेश, जयप्रकाश, अमित, सुमित, संतोष, महेंद्र सहित अन्य शामिल है।

# सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों का सम्मान



सम्मान करते व्यापारी।

**मुंगेली।** सराफा एसोसिएशन के चुनाव में एकता पैनल से चुनकर आए पदाधिकारी अध्यक्ष कमल सोनी, महासचिव प्रकाश गोलछा, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन को 26 जून को बिलासपुर में एकता पैनल के सदस्यों द्वारा आयोजित पदाधिकारी के सम्मान एवं शुभकामना कार्यक्रम में सराफा व्यापारी संघ के संरक्षक एवं पदाधिकारी व सदस्य सम्मिलित होकर, उन्हें संघ की ओर से श्रीफल, गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह के रूप में शुभकामना संदेश भेंट किया गया। अध्यक्ष कमल सोनी द्वारा सराफा व्यापारी संघ मुंगेली का आभार प्रकट किया गया एवं जल्द ही आगामी नई कार्यकारणी के गठन के लिए जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर मनहरण लाल सोनी, राधेश्याम सोनी, धीरज सोनी, त्रिलोकी सोनी, कमल किशोर सोनी, आकाश सोनी आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी सराफा व्यापारी संघ मुंगेली के सचिव कमल किशोर सोनी द्वारा दी गई।

# प्री बीएड व प्री डीएलएड की परीक्षा 30 को



बीएड एवं डीएलएड परीक्षा की तैयारी को लेकर अधिकारियों की बैठक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

व्यापम द्वारा आयोजित प्री बीएड एवं प्री डीएलएड की परीक्षा 30 जून को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली में बीएड परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, दूसरी पाली में डीएलएड परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 तक आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली के लिए 24 केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 6 हजार 409 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार द्वितीय पाली के लिए 32 केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 8 हजार 120 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

कलेक्टर ने परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी पर्यवेक्षकों, केंद्राध्यक्षों, नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं समन्वयक की बैठक ली। उन्होंने सभी केंद्रों में उचित बैठक व्यवस्था, प्रकाश, पीने का पानी, प्राथमिक उपचार, वाहन पार्किंग आदि की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के व्यवस्थित संचालन के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जारी निर्देशों का अच्छी तरह पालन सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। गौरतलब है कि प्री बी.एड. एवं प्री डी.एल.एड. परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में मोबाइल नहीं लाना है। परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र के साथ आईडी प्रूफ लाना अनिवार्य है। इसके साथ–साथ सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले केन्द्र में पहुंचना अनिवार्य है।



## पेंशनर संघ के निर्विरोध जिलाध्यक्ष बने नहरेल

**मरवाही।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर्स कल्याण संघ जिला गौरेला, पेंड्रा, मरवाही की बैठक पुराना लाइब्रेरी भवन पेंड्रा में 22 जून को आयोजित की गई। बैठक में जिले के चारों तहसील के पेंशनरों ने भाग लिया। बैठक में चारों तहसीलों के अध्यक्षों द्वारा अपने-अपने तहसील के संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी गई।

जिला अध्यक्ष के चयन हेतु विधिवत एवं नियमानुसार निर्वाचन संपन्न कराने हेतु निर्वाचन अधिकारी सी मैथ्यू के द्वारा बैठक में चयन की शर्तों के विषय में बताया गया। जिला अध्यक्ष के पद पर हरिशरण सिंह नहरेल का नाम जीपी गुप्ता द्वारा प्रस्तावित किया गया। जिसका समर्थन सभी पेंशनर साथियों द्वारा किया गया। उन्हें निर्विरोध जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। बैठक में प्रकाश नामदेव, शोभनाथ तिवारी, मोहनी शंकर तिवारी, एनपी गुप्ता, आरएन शर्मा, वी पी शर्मा, हरिशरण सिंह नहरेल, ललन सिंह,लाल सिंह पैकरा, जियालाल चंद्रा, अमरदेव जायसवाल ,प्रकाश चंद्र राय, धर्म दत्त अग्निहोत्री, टंडन राम तिवारी, राम प्रसाद राय, एच आर विश्वकर्मा, एस एसतिवारी, जी पी राय, पहलवान सिंह मार्को, सुंदरलाल वस्त्रकर, लखन लाल रजक एवं अन्य उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया प्रांताध्यक्ष का सम्मान

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मुंगेली शाखा द्वारा मनोनीत प्रान्ताध्यक्ष जीआर क्षत्री का सम्मान समारोह जिला चिकित्सालय में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डा. एमके राय, खण्ड चिकित्सा अधिकारी जेपी कौशिक, डा. केएस कंवर, डा. संजय ओबेराय, संघ के संरक्षक सीबी कुर्रे, एसके महिलांगे, अरविंद राय, मनोज गोस्वामी, इंद्रजीत आदिले, नरेंद्र कश्यप, प्रमोद साहू, कोषाध्यक्ष झरोखा साहू, जिलाध्यक्ष धर्मेश साहू, जिला उपाध्यक्ष दिनेश दिवाकर, संभागीय उपाध्यक्ष शिवकुमार पाली, ब्लॉक उपाध्यक्ष लोरमी मुन्नाराम साहू, सचिव शिवकुमार चौहान, संगठन महामंत्री धर्मेन्द्र मिश्रा, वरिष्ठ सलाहकार एसी सन्नाट, महामंत्री रामलोचन साहू, कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष गंगाराम निर्मलकर, पुरूषोत्तम जायसवाल, हिंछाराम साहू, राजू रजक, दिलहरण ध्रुव, गोपाल कुमार, कुशल जायसवाल, लक्ष्मी राज, सुरेखा साहू ने प्रांताध्यक्ष जीआर क्षत्री का सम्मान करते हुए बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन दुष्यंत लहरे द्वारा किया गया।




कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष के सम्मान समारोह में उपस्थित चिकित्सक एवं कर्मचारी।

# शिविर में की 36 मरीजों की जांच कर दी दवाई

**मुंगेली।** जिले के दूरस्थ पहुंचविहीन वनांचल बैगा ग्रामों में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जनजागरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान गांव के लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाई एवं परामर्श दिया जाता है। जिला क्षय-कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे ने बताया कि गत दिवस लोरमी विकासखण्ड के बैगा ग्राम मौहामाचा में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जनजागरण शिविर का आयोजन किया गया, जहां 36 मरीजों की जांच की गई, जिसमें टीबी के 02 संदेहास्पद मरीज मिले। दोनों मरीजों का बलगम माइक्रोस्कोपी जांच के लिए एकत्र किया गया। शेष मरीजों को आवश्यक दवाई एवं परामर्श दिया गया। इस दौरान ग्रामवासियों को सिकलसेल संबंधी पहचान पत्र का वितरण कर जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक अमिताभ तिवारी, डीपीपीएमसी अमित सिंह, पीएमडीटी समन्वयक धीरज रात्रे, सुपरवाईजर, मितानीन, ग्राम के सरपंच, सचिव और गांव के लोग मौजूद रहे।



## कलेक्टर ने विकासखंडवार ली निर्माण कार्यों की समीक्षा

# कलेक्टर ने की स्कूल भवन सहित निर्माण कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में पीएमश्री योजना, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत भवन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा कलेक्टर राहुल देव ने की। उन्होंने विकासखंडवार सभी स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा अप्रारंभ एवं अपूर्ण निर्माण कार्यो को समय–सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

- निर्माण कार्यों को समय–सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने शासकीय स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, शौचालय निर्माण, बीआरसी भवन मरम्मत, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य निर्माण कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पीएमश्री योजना के संबंध में उचित जानकारी नहीं देने पर समग्र शिक्षा के प्रोग्रामर शशिभूषण पांडे, शिक्षा विभाग के सहायक ग्रेड 3 आलोक त्रिवेदी को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के कार्योंं में भी पूर्ण गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि स्कूलों में मरम्मत या निर्माण कार्यो में पूरी पारदर्शिता बरतें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने भी दीर्घ मरम्मत, लघु मरम्मत, पीएमश्री योजना एवं स्कूल जतन योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए पूर्ण गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं आवश्यक प्रगति लाने के लिए निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर मेनका प्रधान, जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे, डीएमसी अजय नाथ सहित ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।



बैठक में शामिल अधिकारी।



## द्रोणा शिक्षण समिति द्वारा संचालित

College of I.T. & Applied Social Sciences, Pendari, Bilaspur (C.G.)
Infront of Kanan ''Zoo'' Pendari, Sakri, Bilaspur (C.G.)
City Office: Chandni Chowk Kududand, Bilaspur (C.G.)

**Requirement**

Applications in plain paper are invited from eligible candidates for the following posts. (Under college code - section 28)

| | Post | No. of Posts | Category |
|---|---|---|---|
| 1 | Principal | 01 | Gen |
| 2 | Asstt. Professor | | |
| | (i) English | 01 | Gen |
| | (ii) Hindi | 01 | Gen |
| | (iii) Botany | 01 | Gen |
| | (iv) Zoology | 01 | OBC |
| | (v) Chemistry | 01 | OBC |
| | (vi) Physics | 01 | Gen |
| | (vii) Micro Biology | 01 | SC |
| | (viii) Commerce | 02 | 1-Gen, 01-ST |
| | (ix) Mathematics | 01 | OBC |
| | (x) Computer Science | 03 | 1-Gen, 1-OBC, 1-SC |
| | (xi) Management | 02 | 1-Gen, 1-ST |
| 3 | Librarian | 01 | Gen |
| 4 | Lab Tech (Computer) | 01 | OBC |
| 5. | Lab Tech (Chemistry) | 01 | SC |
| 6 | Lab Tech (Physics) | 01 | Gen |
| 7 | Lab Tech (Zoology) | 01 | SC |
| 8 | Lab Tech (Micro Biology) | 01 | ST |
| 9 | Lab Tech (Botany) | 01 | ST |
| 10 | Sport Officer | 01 | Gen |
| 11 | Clerks | 03 | 1-Gen, 1-OBC, 1-SC |
| 12. | Peon | 03 | 1-Gen, 1-OBC, 1-ST |

**Qualifications/ Salary :-** As per UGC Norms. **Enclosures :-** One passport size photograph, attested copies of Marks sheets and other testimonials. Applications should be submitted in person or be sent by post to Principal, College of I.T. & Applied Social Sciences, Pendari, Bilaspur (C.G.) **Last date :** 10 Jul. 2024. **Note: Application along with all documents must be submitted in duplicate (2 copies).**

**Principal**
**Phone No.: 07752315046**
**Mob. 9425535622, 9425535514**